दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



25 फरवरी को लेंगी 7 फेरे.....


ऑनलाइन जज किए जाने पर ........


वर्ष : 11 | अंक : 67 | लखनऊ, 23 फरवरी, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# पूरी दुनिया कर रही महाकुंभ की शक्ति की तारीफ : सीएम योगी

## 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु लगा चुके आस्था की डुबकी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की क्षमता को समझने के लिए प्रयागराज महाकुंभ ही काफी है। 13 जनवरी से 22 फरवरी के बीच 60 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ की शक्ति की तारीफ पूरी दुनिया कर रही है। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जिन्हें विकास पसंद नहीं है, जिन्हें हमारे देश और हमारे राज्य की क्षमता पसंद नहीं है, वे लगातार नकारात्मक टिप्पणी करके (महाकुंभ) को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

योगी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ ने उन विरोधियों को आईना दिखाया है जो अच्छे काम पर सवाल उठाते हैं और अच्छी पहल की राह में रोड़ा बनते हैं। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि अब लखीमपुर खीरी कोई पिछड़ा जिला नहीं है। आज हम यहां 4500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनेक विकास परियोजनाएं लखीमपुर खीरी के लोगों का जीवन आसान बनाएंगी, रोजगार पैदा करेंगी। ये सब हमारे प्रतिनिधियों के प्रयास से, सरकार के सहयोग से और पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हुआ।

इससे पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विवादास्पद बयान पर उन्हें नसीहत देते हुए कहा कि ममता दीदी खुद महाकुंभ आएं और यहां की भव्य व्यवस्था देखें। आधिकारिक बयान के मुताबिक, त्रिवेणी में परिवार के साथ स्नान के बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन सनातन विरोधी है। उन्होंने कहा, मैं ममता दीदी से आग्रह करूंगा कि वह भी महाकुंभ में आयें, यहां की व्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखें और संगम में डुबकी लगायें। उन्होंने यह भी कहा कि सनातन ही अतीत, सनातन ही वर्तमान, और सनातन ही विश्व का भविष्य है।

## ग्लोबल वार्मिंग पर्यावरण प्रदूषण की चेतावनी: योगी आदित्यनाथ

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि ग्लोबल वार्मिंग पर्यावरण प्रदूषण की चेतावनी है। शनिवार को योगी आदित्यनाथ 2,850 करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहे कुंभी, लखीमपुर में भारत के पहले बायो-पॉलिमर प्लांट का शिलान्यास करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम लोग जितना जागरुक होंगे, पर्यावरण हमें जीने के लिए उतना ही अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराएगा। योगी ने कहा, दुनिया पर्यावरण प्रदूषण के प्रति चिंतित है। खराब मौसम और ग्लोबल वार्मिंग के बीच संबंध का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर प्रतिकूल वातावरण मनुष्य ने बनाया है तो वातावरण को अनुकूल बनाने की जिम्मेदारी भी मनुष्य की ही होगी! इस कार्यक्रम में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिकारी और पार्टी सदस्य उपस्थित थे।

# 'क्या रेलवे 21वीं सदी के लिए तैयार है?'

## राहुल गांधी ने मोदी सरकार से पूछा बड़ा सवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय रेलवे को लेकर एक बार फिर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने रेलवे की स्थिति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। एक वीडियो को साक्षा करते हुए राहुल ने एक्स पर लिखा कि कल रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत के दौरान एक महत्वपूर्ण सवाल उठा - क्या करोड़ों भारतीयों की यात्रा की रीढ़ हमारी रेलवे वाकई 21वीं सदी के लिए तैयार है ?

कांग्रेस नेता ने कहा कि मौजूदा समय की जरूरतों को देखते हुए इसे और आधुनिक, सुरक्षित और सक्षम बनाने के लिए तेजी से प्रयास किए जाने चाहिए। रेलवे को सिर्फ यात्रा का साधन न मानकर, प्रोडक्शन और अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ के रूप में विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि विदेशी मशीनों, मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन पर निर्भर होने के बजाय हमारा लक्ष्य पूरी तरह से लोकलाइज्ड प्रोडक्शन सिस्टम को मजबूत बनाने पर होना चाहिए।

गांधी ने कहा कि हमारे इंजीनियर्स और टेक्नीशियन रात-दिन मेहनत करते हैं। यदि उनके परिश्रम को सही दिशा दी जाए और समय की मांग के अनुसार ठोस कदम उठाए जाएं तो रेलवे न सिर्फ परिवहन में बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मचने ने 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब कुछ यात्री फुटओवर ब्रिज से उतरते समय फिसलकर अन्य लोगों पर गिर गए।

प्लेटफॉर्म संख्या 14 और 15 पर प्रयागराज (जहां महाकुंभ का आयोजन किया गया है) जाने वाली ट्रेन पर सवार होने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। अस्पताल और पुलिस सूत्रों ने बताया कि 18 लोगों की मौत हुई है। उत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने बताया कि पटना जाने वाली मगध एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 14 पर खड़ी थी और नयी दिल्ली-जम्मू उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म संख्या 15 पर खड़ी थी।

**मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 26.c |
| न्यूनतम तापमान | 11.c |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 78,271.28 |
| निफटी | 23,696.30 |

# सुरक्षाबलों ने जम्मू में कई स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, सुरक्षाबलों ने जम्मू क्षेत्र में करीब तीन दर्जन स्थानों पर शनिवार को आतंकवाद रोधी अभियान शुरू किया। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान कुछ इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों के कारण और कुछ जगहों पर प्रभुत्व बनाए रखने लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित स्थानों पर तलाशी अभियान के दौरान अभी तक आतंकवादियों से आमना-सामना नहीं हुआ है। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिलों, उधमपुर-कठुआ क्षेत्र के ऊंचे इलाकों, डोडा और किश्तवाड़ के पहाड़ी इलाकों तथा जम्मू जिले में नियंत्रण रेखा के पास के जंगलों में अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात अंधेरे में दो संदिग्ध विदेशी आतंकवादियों के दिखने के बाद पुंछ जिले के गुरसाई में सांगियोटे इलाके के मैदान मोहल्ला में तलाशी अभियान शुरू किया गया। सुरक्षाबलों ने मंडी के मोहल्ला कस्बा, अल्लापीर और जालियां तथा पुंछ के मनकोट और डेरा की गली तथा आसपास के इलाकों के अलावा राजौरी जिले के सुंदरबनी और नौशेरा सेक्टरों के कुछ हिस्सों में भी घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया।

# प्रयागराज पहुंचे जेपी नड्डा, सीएम योगी संग महाकुंभ में लगाई पवित्र डुबकी, बड़े हनुमान के भी किए दर्शन

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज महाकुंभ में पहुंचे। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगाई। इससे पहले सीएम आदित्यनाथ ने महाकुंभ नगर में केंद्रीय मंत्री नड्डा का जोरदार स्वागत किया। इन दोनों प्रमुख नेताओं की त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाना महाकुंभ में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लेटे हनुमानजी मंदिर में पूजा-अर्चना की।



नड्डा ने संगम तट पर परिवार के साथ पूजा-अर्चना भी की। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का आयोजन 144 साल बाद हो रहा है। यह हिंदू धर्म के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रमों में से एक है। इस खास मौके पर लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं, जिसे धार्मिक प्रगति और पापों से मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में हर दिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिनकी कुल संख्या 600 मिलियन से अधिक है।

महाकुंभ मेला प्रशासन के मुताबिक, प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ से ज्यादा हो गई है। शनिवार को दोपहर तक 71.18 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर चुके थे। महाकुंभ का आखिरी स्नान 26 फरवरी को महा शिवरात्रि पर होने वाला है। अब तक स्नान करने वाले कुल श्रद्धालुओं की संख्या का विश्लेषण करें तो मौनी अमावस्या के दौरान सबसे अधिक संख्या, लगभग 8 करोड़, ने स्नान किया। मकर संक्रांति पर साढ़े तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान किया. 1 फरवरी और 30 जनवरी को 20 मिलियन से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया और पौष पूर्णिमा पर 17 मिलियन श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। इसके अलावा, बसंत पंचमी पर 25.7 मिलियन श्रद्धालुओं ने स्नान किया, जबकि माघी पूर्णिमा पर 20 मिलियन से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत छह दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत छह दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को गुवाहाटी पहुंचे। इस दौरान वह सदस्यों से बातचीत करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श करेंगे। आरएसएस के उत्तरी असम के मुख्य प्रवक्ता (प्रचार प्रमुख) किशोर शिवम ने कहा कि यह यात्रा देश के विभिन्न क्षेत्रों में भागवत के दौरे के तहत हो रही है। वह शनिवार को गुवाहाटी के बाहरी इलाके अमिनगांव में राष्ट्रीय सेविका समिति की बैठक में शामिल होंगे और अगले दिन एक अन्य बैठक में आरएसएस कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। भागवत का शहर में आरएसएस की दो शाखाओं की बैठकों में भाग लेने का भी कार्यक्रम है, जहां वे सामाजिक सद्भाव, नागरिक दायित्व, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे समूह के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लोकप्रिय बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### आरोपों का सामना कर रहे मंत्रियों को इस्तीफा दे देना चाहिए: अन्ना हजारे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शुक्रवार को कहा कि आरोपों का सामना कर रहे मंत्रियों को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। विपक्षी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मंत्रियों धनंजय मुंडे और माणिकराव कोकटे के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। बीड के परली से विधायक मुंडे विपक्ष और सत्तारूढ़ महायुति के कुछ सहयोगियों के निशाने पर हैं, क्योंकि उनके करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड को जबरन वसूली के मामले में नौ दिसंबर को बीड के मसाजोग में सरपंच संतोष देशमुख के अपहरण और नृशंस हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

# तेलंगाना में बड़ा हादसा, सुरंग की छत का एक हिस्सा ढहा, 6 मजदूर फंसे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, शनिवार को तेलंगाना के नगरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) के निमार्णाधीन हिस्से में एक छत का एक हिस्सा ढह जाने से छह श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम मूल्यांकन के लिए अंदर गई है और सत्यापन कर रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि काम में लगी कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक छह से आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारी ने कहा, यह घटना तब हुई जब कुछ कर्मचारी काम के सिलसिले में अंदर गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर छत गिर गई।

हालाँकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में, बिना कोई संख्या बताए, संकेत दिया गया कि कुछ लोगों को चोटें आईं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार, राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई पर सरकार के सलाहकार आदित्यनाथ दास और अन्य सिंचाई अधिकारी एक विशेष हेलीकॉप्टर में घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

सीएम कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एसएलबीसी सुरंग में दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। सुरंग में छत गिरने और कई लोगों के घायल होने की सूचना मिलने के बाद, मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को सतर्क किया। उन्होंने जिला कलेक्टर, एसपी, अग्निशमन विभाग, हाइड्रा और सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंचने और राहत उपाय प्रदान करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री के आदेश पर, सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई सलाहकार आदित्यनाथ दास और सिंचाई अधिकारी एक विशेष हेलीकॉप्टर में दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हुए।

# छत्तीसगढ़ः महाकुंभ जा रही कार पुलिया से गिरी, दो लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

कोंडागांव, छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक कार पुलिया से नीचे गिर गई जिससे एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कार सवार लोग कर्नाटक के बेंगलुरु से महाकुंभ मेले में शामिल होने प्रयागराज जा रहे थे। उन्होंने कहा कि दुर्घटना आज सुबह लगभग 6:45 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर फरसगांव पुलिस थाना क्षेत्र के बोरगांव के पास हुई। अधिकारियों के अनुसार, बेंगलुरु से एक परिवार के सदस्य दो कारों में सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे। कार जब बोरगांव के पास पहुंची तब मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क से फिसलकर एक छोटी पुलिया से नीचे गिर गई और एक पेड़ से जा टकराई। उन्होंने कहा, दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, एक व्यक्ति ने एम्बुलेंस और पुलिस को फोन किया जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची। बाद में पुलिस ने शवों और घायलों को फरसगांव अस्पताल पहुंचाया।

# जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं : अखिलेश यादव

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वर्ष 2029 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब डॉलर किये जाने के सरकार के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं, देश-प्रदेश का भविष्य नहीं।

उन्होंने राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 2021 में भाजपाइयों ने कहा था कि 2024 तक उप्र की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर (एक हजार अरब डॉलर) की हो जाएगी और अब 2025 में कह रहे हैं, 2029 में उप्र की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। यादव ने कहा, जनता को न इनके बीते कल के वादे पर विश्वास था, न आने वाले कल के दावे पर भरोसा है। झूठ भाजपा का पर्याय बन गया है। जनमानस कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा के अनुरूप प्रदेश एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल में समाजवादी पार्टी की विधायक डॉ रागिनी सोनकर के सवालों का जवाब देते हुए योगी ने कहा, पिछले आठ वर्ष की डबल इंजन की सरकार के प्रयास से यह दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और 2029 में उप्र एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भी बनेगा, इस बात के लिए पूरे सदन को आश्वस्त करता हूं।

# 'राहुल बाबा हमारा मजाक उड़ाते थे, हमने एक क्लिक से लोगों के खाते में पैसे डाले', महाराष्ट्र में बोले अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन की जीत प्रामाणिक शिवसेना और एनसीपी के लिए जनता के समर्थन का संकेत देती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को धनराशि वितरित करते हुए एक समारोह में अमित शाह ने नई सरकार का समर्थन करने के लिए महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिवसेना और राकांपा के भीतर वास्तविक गुटों पर जनता के स्पष्ट निर्णय पर जोर दिया।

एनडीए की तीसरी बार जीत के साथ, पीएम मोदी ने पीएमएवाई के दूसरे चरण की शुरूआत की, जिसमें 20 लाख परिवारों को आवास की सहायता दी गई। इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभार्थियों के साथ महाराष्ट्र अग्रणी है, जो एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक उत्थान को दशार्ता है। इस योजना का लक्ष्य 2029 तक देशभर में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देते हुए पांच करोड़ घर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में 1,465 शहरी सहकारी बैंक हैं, और 400 से अधिक केवल महाराष्ट्र में हैं। हम एक UMBRELLA संगठन को सक्रिय कर रहे हैं, जो सभी सहकारी बैंकों को हर संभव तरीके से मदद करेगा। UMBRELLA संस्था के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया गया है।

अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने जनधन खाते खोले, तो राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि पीएम मोदी खाते में क्या ट्रांसफर करेंगे? मैं आपको बताना चाहता हूं, राहुल गांधी, कैसे पीएम मोदी ने एक क्लिक से लाभार्थी के खाते में धनराशि ट्रांसफर की। अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के पुणे में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के मुख्यमंत्रियों, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के प्रशासक और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। केंद्रीय गृह सचिव, सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय, सचिव, सहकारिता मंत्रालय, पश्चिमी क्षेत्र के राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

अपने संबोधन में, श्री अमित शाह ने कहा कि हालांकि क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकारी प्रकृति की है, हाल के वर्षों में, ये बैठकें विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में विकसित हुई हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय परिषद की बैठकों के माध्यम से, देश ने संवाद, जुड़ाव और सहयोग से संचालित समावेशी समाधान और समग्र विकास को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया है।

## संक्षेप

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार अकाउंटेंट की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाराबिरवा चौराहे पर शुक्रवार देर रात डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार अकाउंटेंट की मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद भाग रहे डंपर ड्राइवर को पुलिसकर्मियों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। नाका के हरीनगर निवासी शरद श्रीवास्तव (51) सुलतानपुर रोड स्थित एक निजी स्कूल में अकाउंटेंट थे। शुक्रवार देर रात वह ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहे थे। वह बाराबिरवा चौराहे के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। शरद डंपर के नीचे आ गए। वह उन्हें कुचलता हुआ आगे निकल गया। पुलिसकर्मी उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शरद के परिवार में पत्नी अनीता व बेटी दिव्यांशी है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक डंपर ड्राइवर की पहचान हरदोई के कंहई पुरवा निवासी इंग्लेश के रूप में हुई। अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

### सपा ने बनाया फहद शेख को अल्पसंख्यक सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद के युवा नेता फहद शेख को समाजवादी पार्टी ने अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करते हुए अल्पसंख्यक सभा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नामित किया गया। फहद कई वर्षों से समाजवादी पार्टी के लिए कार्य कर रहे है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनाए जाने से क्षेत्र के युवाओं में काफी जोश दिखाई दे रहा है। फहद शेख ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद इकबाल खान कादरी द्वारा जो जिम्मेदारी अल्पसंख्यक राष्ट्रीय कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनाकर सौंपी गई है उसका पूर्ण रूप से निर्वहन करुंगा समाजवादी पार्टी की 2027 में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है जिस प्रकार से युवा पार्टी से जुड़ रहा है पार्टी एक अलग ही दिशा में नई ऊंचाइयों पर जाती दिखाई दे रही है।

# छुटकारा पाने के लिए शादीशुदा प्रेमिका की प्रेमी ने किया था हत्या

## हत्यारे को पुलिस ने गिरफ्तार करके भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर इलाके में सप्ताह भर पहले विवाहिता पूजा राजपूत (28) की हत्या उसके प्रेमी मोहनलालगंज के अहमद खेड़ा निवासी सूरज यादव उर्फ कल्याण सिंह ने की थी। बिजनौर पुलिस ने शनिवार को आरोपी सूरज यादव को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने उसके पास से मृतका की स्कूटी और घटना में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद कर उसे जेल भेज दिया है। वहीं डीसीपी साउथ ने आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का ईनाम देने की घोषणा की है। घटना के खुलासे को लेकर डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के मुताबिक पकड़े गए आरोपी सूरज ने पूछताछ में बताया कि करीब 5 वर्ष पहले पढ़ाई के दौरान मोहनलालगंज स्थित एक मंदिर में उसकी मुलाकात पूजा से हुई थी। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर ले लिए और आपस में बातचीत करने लगे। इसी बीच दोनों में प्रेम संबंध हो गए। पूछताछ में उसने बताया कि पूजा का पति दिनेश अपनी पत्नी को अक्सर मारता पीटता था। यह बात पूजा ने सूरज को बताई तो सूरज की योजना के अनुसार पूजा ने बिजनौर स्थित सीआरपीएफ गेट के सामने करीब 2 साल पहले सरयू विहार कॉलोनी में किराए का कमरा ले लिया। पूजा वहीं घरों में झाड़ू पोछा का काम करने जाती। उसके बाद इस कमरे पर रूकती। वहीं पर सूरज भी उससे मिलने जुलने आता। उसके बाद शाम को पूजा अपने मायके चली जाती। दोनों ने मकान मालिक को अपना परिचय पत्नी के रूप में देकर कमरा लिया था। पूछताछ में सूरज ने बताया कि 15 फरवरी की शाम पूजा मायके नहीं गई और दोनों ने रात को इसी कमरे में शराब पी। उसी दौरान पूजा उससे शादी का दबाव बनाने लगी। इससे पहले भी वह कई बार शादी करने का दबाव डाल चुकी थी। लेकिन उस दिन सूरज ने शादी से मना कर दिया। इस पर पूजा ने उसे फसाने की धमकी दी। इसी से गुस्साए सूरज ने उसका पीछा छुड़ाने के लिए दुपट्टे से उसका गला कस दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद सूरज ने दरवाजे में बाहर से कुंडी लगाई और पूजा की स्कूटी लेकर कानपुर के कल्याणपुर चला गया। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शुक्रवार को वह वकील के माध्यम से कोर्ट में सरेंडर करने गया था। लेकिन वकीलों की हड़ताल के कारण वह हाजिर नहीं हो सका। शनिवार को कोर्ट बंद होने की वजह से वह अपने घर जा रहा था। तभी पुलिस ने रास्ते में उसे किसान पथ पर अलीनगर खुर्द स्थित अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। बताते चलें कि बीते रविवार शाम बिजनौर के सरयू विहार कॉलोनी स्थित धनंजय पांडेय के मकान में कमरे के अंदर पूजा राजपूत का शव बेड पर पड़ा मिला था। उसके गले में कसाव के निशान थे। इस मामले में मृतका के पति मूल रूप से मोहनलालगंज के गनेश खेड़ा और वर्तमान समय अपनी ससुराल बिजनौर के घसियारी मोहल्ले में किराए पर रहकर मजदूरी करने वाले दिनेश लोधी ने पूजा के प्रेमी मोहनलालगंज के अहमद खेड़ा निवासी सूरज के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# पापा ने टीवी देखने पर डांटा तो बेटे ने लगा ली फांसी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बुद्धेश्वर स्थित घर में शुक्रवार को कक्षा नौ के छात्र सुश्रुत पार्थ (16) ने फांसी लगा ली। टीवी देखने पर पापा ने फोन कर डांटा था। इसके बाद से वह नाराज था। पारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुद्धेश्वर निवासी महेंद्र पाल सिंह उन्नाव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। बेटा सुश्रुत पार्थ भपटामऊ स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में कक्षा नौ का छात्र था। सिद्धार्थ के मामा महेश पाल सिंह ने बताया कि जीजा महेंद्र शुक्रवार को ड्यूटी पर गए थे। शुक्रवार दोपहर उन्होंने घर पर फोन किया तो सुश्रुत टीवी देख रहा था। इसपर उन्होंने उसे डांट दिया। उन्होंने टीवी बंद कर पढ़ाई करने के लिए कहा। जिसको लेकर नाराज था। इसके बाद किसी से कुछ बोले बिना वह अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद सुश्रुत की मां उसे देखने कमरे में गई तो वह वहां नहीं था। कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। दूसरे मंजिल पर जाने के लिए वह जीने पर गई तो दरवाजा दूसरी तरफ से बंद था। इसके बाद वह पड़ोसी की छत से उतरकर तीसरे माले पर बने कमरे में गई तो सुश्रुत पंखे के कुंडे से दुपट्टा के फंदे से लटका हुआ था। चीख सुनकर आसपास के अन्य लोग भी आ गए। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में एक छोटी बहन है। परिवार में इकलौता बेटा था इकलौते बेटे की मौत से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पिता महेन्द्र का कहना है उन्हें अभी भी यकीन नहीं हो रहा है कि बेटे ने इतना बड़ा कदम उठा लिया। यह भी नहीं सोचा कि उसके बिना घर वाले कैसे रहेंगे।

# टैक्स इंस्पेक्टर और व्यापरियों के बीच विवाद

**व्यापारियों ने भी दर्ज कराया मुकदमा; महापौर को गाली देने और मारपीट करने का आरोप**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ नगर निगम जोन 2 के टैक्स इंस्पेक्टर हरिशंकर पांडेय पर व्यापारियों ने क्रॉस मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में बाजारखाला थाने में 3 धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। पार्षद संदीप शर्मा सहित कई लोगों ने मामले में शिकायत की थी।

### महापौर और भाजपा नेताओं पर अभद्र टिप्पणी का आरोप

संदीप शर्मा की तरफ से दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया कि टैक्स इंस्पेक्टर द्वारा महापौर सहित भाजपा नेताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी आए दिन की जाती है। आरोप है टैक्स इंस्पेक्टर को उनकी गलत हरकतों के कारण ठाकुरगंज क्षेत्र से हटाया जा चुका है। व्यापारियों ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। पार्षद ने आरोप लगाया कि टैक्स इंस्पेक्टर की तरफ से फर्जी हाउस टैक्स बनाकर लोगों का उत्पीड़न किया जाता है। आरोप है ऐशबाग क्षेत्र में जनता की शिकायतों पर व्यक्ति से बात करने की कोशिश की गई तो अभद्रता की गई। गाली देकर संगठन और जनप्रतिनिधि को पुलिस की धमकी दी। वहीं, पार्षद संदीप शर्मा ने महापौर को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### ऐशबाग में टैक्स इंस्पेक्टर की पिटाई

ऐशबाग में जोन 2 कार्यालय से थोड़ी दूरी पर स्थित महेश कुमार की दुकान पर हरिशंकर पांडेय टैक्स कलेक्शन करने पहुंचे। इस दौरान 1.81 लाख रुपए का हाउस टैक्स जमा करने की बात कही। इसके बाद दोनों पक्षों में बहस हो गई। मौके पर पूर्व पार्षद साकेत शर्मा सहित अन्य लोग पहुंचे। इसके बाद हरिशंकर पांडेय का आरोप है कि इन लोगों ने उनकी पिटाई की है। घटना के बाद करीब तीन घंटे तक जोनल कार्यालय में हंगामा चलता रहा।

# बेखौफ चोरों ने ट्रांसफार्मर को खोलकर उसमे सारा कॉपर का क्वायल और तेल किया चोरी

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने शुक्रवार रात चालू विद्युत लाइन के दौरान सड़क किनारे रखे ट्रांसफार्मर को खोलकर उसमे सारा कॉपर का क्वायल और तेल चोरी कर लिया। शनिवार सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। विद्युत अधिकारियों ने इस मामले में सरोजनीनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सरोजनीनगर के पिपरसण्ड गांव में गहरू पावर हाउस से विद्युत सप्लाई होती है। इसके लिए पिपरसण्ड गांव में सड़क किनारे 250 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर रखा है। ग्रामीणों के मुताबिक शुक्रवार रात चोरों ने विद्युत लाइन में सप्लाई चालू होने के बावजूद उक्त ट्रांसफार्मर को प्लेटफार्म से नीचे गिरा दिया और उसके अंदर का कीमती कॉपर का क्वायल और तेल चोरी कर लिया। सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणों ने गहरु पावर हाउस पर इसकी सूचना दी। गहरु उपखंड अधिकारी आफताब आलम का कहना है कि इस ट्रांसफार्मर से गांव के करीब एक सैकड़ा से अधिक घरों में विद्युत सप्लाई होती है। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी होने पर सरोजनीनगर थाने में घटना की तहरीर दे दी गई है। उधर सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि विद्युत अधिकारियों की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने इस मामले में संबंधित विद्युत लाइनमैन की मिली भगत होने का आरोप लगाया है। ग्रामीण इस मामले को लेकर काफी नाराज रहे। उनका कहना था कि इसके कारण रात से शनिवार दोपहर बाद करीब 12 घंटे तक उनके घरों में विद्युत सप्लाई ठप रही। हालाकि दोपहर बाद नया विद्युत ट्रांसफार्मर रखकर सप्लाई चालू कर दी गई।

# लखनऊ में गुलनाज और सरफराज ने सनातन धर्म अपनाया

**तिलक लगाकर गंगाजल पिलाया, 11 हजार का चेक मिला, बोले- अपनी मर्जी से घर वापसी की**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में मुस्लिम धर्म अपनाने वाले 2 व्यक्ति घर-वापसी करते हुए हिंदू बन गए हैं। शनिवार को अलीगंज के मनकामेश्वर मंदिर में पूरे रीति-रिवाज के साथ उन्होंने हिंदू धर्म अपनाया। इनकी घर-वापसी मंदिर महंत के सहयोग से हुई है। इस अवसर पर दोनों व्यक्तियों ने कहा- सनातन धर्म अपनी मर्जी से जीने की आजादी देता है। धर्म परिवर्तन करने वाले दोनों युवकों को जितेंद्र नारायण त्यागी सेंगर ने 11 हजार रुपए का चेक दिया। इसके अलावा, प्रत्येक महीने 3000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की, जो तब तक दी जाएगी। जब तक वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो जाते।

मनकामेश्वर मंदिर महंत दिव्या गिरी ने बताया कि अभी तक आर्थिक समस्या का फायदा उठाकर दूसरे धर्म के लोग हमारे लोगों को लालच देते हैं। कई बार मजबूरी में आदमी अपना धर्म छोड़ने के लिए मजबूर हो जाता है। घर वापसी ₹सनातन में स्वागत₹ कार्यक्रम के तहत ऐसे लोगों को वापस हिंदू धर्म में शामिल कराने का निश्चय किया गया है। इसमें समाज में नफरत और कट्टरता से पीड़ित लोग सनातन धर्म में वापसी कर रहे हैं।

### नामकरण किया, तिलक लगाया

मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्या गिरी ने वैदिक मंत्रोचारण के उपरांत बिजनौर के रहने वाले सरफराज (35) और शाहजहांपुर के रहने वाले और गुलनाज (32) की सनातन धर्म में वापसी कराई। गुलनाज को तिलक लगाकर उनका नया नाम विरार शर्मा रखा गया। वहीं सरफराज का नया नाम राजन मिश्रा रखा गया। इस अवसर पर महंत देव्या गिरी ने कहा- सनातन धर्म का द्वार उन सभी के लिए खुला है, जो स्वेच्छा से इसे अपनाना चाहते हैं। अगर कोई बिना किसी दबाव के सनातन धर्म में आना चाहता है, तो हम उसका स्वागत करते हैं।

# जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर खाते से हजारों रुपये किए पार

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर में रहने वाला एक व्यक्ति बीते दिनों साइबर जालसाजी का शिकार हो गया। जालसाज ने उसे क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर उसके खाते से 73070 रुपये की रकम पार कर दी। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के कैलाश विहार कॉलोनी, गिंदनखेड़ा में रहने वाले सुशील कुमार यादव के मुताबिक बीती 28 जनवरी को दोपहर बाद करीब 3:45 बजे उसके मोबाइल पर एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को आरबीएल बैंक का कर्मचारी बताते हुए कहा कि आपके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई जा रही है। जिसके लिए बैंक द्वारा व्हाट्सएप नंबर पर एक फॉर्म दिया जा रहा है। उसे पूर्ण रूप से भरना होगा। इसके बाद सुशील के मोबाइल पर व्हाट्सएप नंबर 7887244844 से एक लिंक आया और लिंक भेजने वाले पर विश्वास कर सुशील ने फॉर्म में पूरा व्यक्तिगत विवरण भर दिया। इसके बाद जैसे ही ओटीपी डालकर सबमिट किया, तभी उसके क्रेडिट कार्ड से 73070 रुपये कट गए। यह रकम कटने के बाद पीड़ित को खुद के साथ धोखाधड़ी की भनक लगी। उसने आनन-फानन इसकी सूचना साइबर क्राइम पोर्टल पर दी। इसके बाद सुशील ने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबरों के आधार पर साइबर जालसाज का पता लगाने में जुट गई है।

# कार सवार बदमाशों ने युवक से लूट कर चलती कार से फेंकने का आरोप

## लूट की घटना से थाना प्रभारी ने किया इनकार, कहा मारपीट हुई है

अमन लेखनी समाचार



घटना का वीडियो किसी ने कैमरे में किया कैद

लखनऊ। अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े सरेआम युवक को कार से अगवा कर हजारों रुपए की लूट कर युवक को पीटा। और कार से फेंकने का युवक ने आरोप लगाते हुए थाने पर दी तहरीर। पुलिस ने लूट जैसी घटना होने से किया इनकार पुलिस ने हाईवे के किनारे लगे कैमरों की जांच पड़ताल कर रही है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गदिया खेड़ा निवासी विपिन कुमार ने मलिहाबाद थाने पर दी गई तहरीर के माध्यम से बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल में अपने मित्र के आपरेशन के लिए रुपए लेकर गया था। वहां चिकित्सक न मिलने के कारण वह वापस घर लौट रहा था तभी मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नवीन उपमंडी के पास अपनी बाइक खड़ी कर घर का सामान लेने लगा तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने मुझे पीछे से पड़कर कार में डालकर अगवा करने की कोशिश करने लगा। जिससे छुड़ाकर वह कार से निकल आया कि अचानक पीछे से आ रही नीले रंग की ब्रेजा कार रुकी उसमें से उतरे बदमाशों ने मुझे जबरन कार में बिठा लिया तथा चलती कर में बदमाशों ने मुझे जमकर मारा पीटा और मेरे पर्स में रखे लगभग सत्तावन हजार रुपए और एक एंड्राइड मोबाइल लूट लिया तथा मारते पीटते हुए रहीमाबाद थाना क्षेत्र के निमार्णाधीन दिन हरदोई लखनऊ भातोइया अंडरपास के पुल पर चलती गाड़ी से मुझे फेंक कर फरार हो गए। जिससे विपिन को काफी चोट पहुंची है। भतोइया अंडरपास पे युवक से मारपीट होता हुआ वीडियो किसी ने कमरे में कैद कर लिया।

### लूट की घटना से क्षेत्र में मचा हड़काम

मलिहाबाद से अपरहण, लूट की घटना और रहीमाबाद थाना क्षेत्र में फेंकने की जानकारी होते ही दोनों थानों में हड़कंप मच गया। आनन फानन पुलिस ने सीसीटीवी व विपिन द्वारा बताए गए कार के नंबर से जानकारी करते हुए लूट की घटना से इनकार किया है। राहगीरों के मुताबिक एन एच आई 731 निमार्णाधीन हाईवे पर एक युवक से चार पहिया सवार लोगों ने मारपीट करते हुए विपिन गाड़ी से लटकता हुआ दिखाई दिया था। जिससे युवक को गंभीर चोट पहुंची है।

इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया कि मामला मारपीट का लग रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से घटना की जांच की जा रही है। कार सवार महाकुंभ से स्नान कर वापस अपने घर हरदोई लौट रहे थे। तभी थाना क्षेत्र में जाम के चलते दोनों वाहन आपस में टकरा गए तभी उनमें मारपीट हुई थी।

# लखनऊ में टेलर की संदिग्ध मौत

**घर से टहलने की बात कहकर निकला था, ट्रैक पर पड़ा मिला शव**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, लखनऊ के मदेयगंज इलाके में बुजुर्ग टेलर की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बुजुर्ग घर से टहलने की बात कहकर घर से निकले थे। काफी देर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश की। जब कहीं नहीं मिले तो परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे। तब ट्रैक पर मिलने की सूचना मिली। मदेयगंज बड़ी पकरिया के रहने वाले मुमताज अली (60) टेलर का काम करते थे।

भाई इम्तियाज अली ने बताया कि उनके भाई गुरुवार को घर से टहलने की बात कहकर घर से निकले थे। देर रात घर नहीं लौटे तो तलाश शुरू की गई। काफी तलाशने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार को परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने मदेयगंज थाने पहुंचे तो पुलिस के ने उनको डालीगंज रेलवे क्रासिंग के पास एक अज्ञात शव मिलने की जानकारी दी। सूचना के आधार पर भाई इम्तियाज शव की शिनाख्त करने मॉच्युर्री पहुंचे। जहां उन्होंने शव की पहचान अपने भाई के रूप में की। इम्तियाज का कहना है। मामले में पुलिस का कहना है कि परिजनों ने कोई शिकायत नहीं की है। पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डीसीएम की टक्कर से ई रिक्शा पलटने के कारण घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर में शुक्रवार शाम अज्ञात डीसीएम की टक्कर से ई रिक्शा पलटने के कारण घायल हुई ई रिक्शा सवार एक महिला की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि ई रिक्शा चालक सहित तीन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं एक महिला का अभी भी अस्पताल में इलाज जारी है। बताते हैं कि बंथरा के लोनहा गांव निवासी ई रिक्शा चालक सोनू उर्फ दद्दू (24) शुक्रवार शाम गौरी बाजार से सवारियां लेकर वापस अपने घर जा रहा था। ऑटो रिक्शा में उसके गांव में ही रहने वाले स्व. अशोक रावत की पत्नी मुनारा (55), रमाकांत यादव की पत्नी सुनीता (40), रमाकांत की भांजी मनु (22) और गुड्डू रावत की 38 वर्षीय पत्नी सवार थी। सोनू जैसे ही सरोजनीनगर स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे से पिपरसण्ड जाने वाली रोड पर पालखेड़ा गांव के पास पहुंचा, तभी एक डीसीएम ने उसके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी और उसका चालक अपने वाहन सहित भाग निकला। इस हादसे में ई रिक्शा पलट गया और उस पर सवार सभी लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल मुनारा को ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि सुनीता का अभी भी बंथरा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं ई रिक्शा चालक सोनू, युवती मनु और गुड्डू रावत की पत्नी को पास के निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उधर मुनारा की मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़

## महाकुंभ जाने के वाली गोमती एक्सप्रेस खचाखच भरी; ट्रेन में जबरन घुस रहे यात्री

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ,** लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने के लिए यात्रियों की भीड़ उमड़ी हुई है। बड़ी संख्या में यात्रियों के पहुंचने के कारण गोमती एक्सप्रेस फुल हो गई है। इस दौरान ट्रेन में बैठने के लिए यात्री धक्का मुक्की कर रहे। महिला और दिव्यांग बोगी में बड़ी संख्या में लोग बैठ गए हैं। कई लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है।

### ट्रेन हो गई फुल कई लोग निराश होकर लौटे

राजकिशोर ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ जा रहे हैं। 10 लोग हैं। बैठने की जगह नहीं मिली है। खड़े होकर जा रहे हैं। गेट पर खड़े हुए हैं। इसके कारण परेशान हो रहे। भीड़ होने के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। वहीं, फैज मोहम्मद ने बताया कि बछरावां जा रहे हैं, बोगी में बैठने की जगह नहीं मिली। इस दौरान लगेज में आकर बैठे हुए हैं।

### यात्रियों ने रेलवे की सुविधा पर उठाए सवाल

यात्रियों ने रेलवे की सुविधा पर सवाल उठाते हुए कहा कि खराब व्यवस्था है। ट्रेन में घुसने तक की जगह नहीं है। यात्रियों ने रेलवे से प्रयागराज के लिए अलग से स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की। यात्रियों ने बताया कि कोई सुनने वाला नहीं है। टिकट वापस करने के लिए हम लोग जाएंगे। वहीं, कई लोग जान को संकट में डालकर गेट पर लटककर खड़े हुए दिखाई दिए।

### महिलाएं नहीं ट्रेन में नहीं चढ़ पाई

ट्रेन में अधिक भीड़ होने के कारण महिलाएं चढ़ नहीं पाई। इस दौरान मौके पर मौजूद जीआरपी और आरपीएफ के कर्मचारी लोगों से दूसरी ट्रेन में जाने की अपील करते रहे। जबकि सीट नहीं मिलने के कारण लोग निराश दिखाई दिए। प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर धक्का मुक्की कर लोग ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते रहे।

# लखनऊ में बीटेक छात्र ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ के हसनगंज इलाके में 21 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से उतारकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। डालीगंज का रहने वाला आशीष सक्सेना बीटेक छात्र था। शनिवार सुबह 10 बजे तक आशीष घर से बाहर नहीं निकला। इस पर पड़ोस के लोगों ने कई आवाज दी पर कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसी भीतर गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखा तो आशीष का शव पंखे के कुंडे से रस्सी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। इसकी सूचना पुलिस दी गई।

## संक्षेप

### एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर शनिवार को बांगरमऊ क्षेत्र पहुंचे इस दौरान आयोजित समाधान दिवस में जनता की समस्या सुनकर निस्तारण हेतु अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया इसके अलावा गंगा तट पहुंच नानामऊ घाट का निरीक्षण किया। सरकार के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे समाधान दिवस के क्रम में शनिवार को उन्नाव पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर बांगरमऊ कोतवाली पहुंचे जहा उन्होंने पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु कोतवाल अवनीश कुमार को निर्देश दिए इसके अलावा कप्तान अपराध रजिस्टर ,शिकायत पत्रिका आदि दस्तावेजों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसके बाद वह बांगरमऊ क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पहुंचे जहा उन्होंने स्नान घाट का बारीकी से निरीक्षण कर कांवड़ यात्रा हेतु स्नान लिए घाटों के तैयारी के बारे में जानकारी ली साथ ही घाट के साफ सफाई व्यवस्था पर भी निर्देश दिए ,इस दौरान उपजिलाधिकारी नम्रता सिंह,नायब तहसीलदार ,कानून गो प्रवीण श्रीवास्तव आदि सहित अन्य क्षेत्रीय जिम्मेदार मौजूद रहे।

### बाजार जा रही महिला को झांसे में लेकर दो युवकों ने उतराए जेवर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पुत्र के साथ बाजार जा रही महिला को दो युवकों ने 4 लाख रुपया का झांसा देकर महिला के सामने रुमाल हिलाकर गले में पड़ी सोने की चैन व कान के टप्स लेकर रफूचक्कर हो गए कुछ देर बाद महिला को अपने साथ हुई टपेबाजी का अहसास हुआ तो उसके होश उड़ पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

कस्बा के सराय सूबेदार निवासी रामा देवी पत्नी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वो अपने 15 वर्षीय पुत्र कृष्ण विमल के साथ बाजार गई थीं तभी उसे रास्ते में दो युवक मिले और कहा मै संडीला से 4 लाख रुपया लेकर आए है और मेरा सेठ पीछा कर रहा है इस समय लुटपाट अधिक हो रही अपने कान के टपस व चैन इसी झोले में रख दो और उसके सामने एक रुमाल हिला दिया महिला ने अपने जेवर उतार कर उसमें रख दिया थोड़ी दूर चलने के बाद दोनो युवकों ने महिला को झोला देकर कहा रेलवे क्रासिंग मियागंज रोड पर मिलो हम वही आ रहे हैं महिला अपने पुत्र के साथ रेलवे क्रासिंग पर पहुंची और दोनों युवकों के आने का इंतजार करने लगी कुछ देर बाद महिला ने झोला देखा तो उसमें कंकड़ व 15 रुपिया मिले महिला को अपने साथ हुए टपेबाजी का अहसास हुआ तो उसके होश उड़ गए प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल की जा रही है।

# आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराकर कार पलटी,चालक घायल



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ से दिल्ली की ओर जा रहे कार चालक को झपकी लगने से डिवाइडर से कार टकराकर पलट गई। कार में चालक समेत पांच लोग सवार थे। जिसमें चालक को गंभीर चोट आई है ।वही पुलिस ने घायल चालक को इलाज के बांगरमऊ सीएचसी भेजा है। गनीमत रही कि समय पर कार के बैलून खुल गए जिसके कारण सभी लोग बाल-बाल बच गए ।लखनऊ से आगरा की तरफ जाते समय एक कार बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेसवे मार्ग पर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में चालक बुरी तरह घायल हुआ जबकि चार अन्य को मामूली चोट आई है।

चालक जायदी विश्वास पुत्र ब्रोजन विश्वास निवासी सेक्टर 1 पुश बिहार दक्षिण दिल्ली कार द्वारा अपने साथ अर्पण पुत्र आलोक कुमार, कुकू विश्वास पुत्र अनंत विश्वास, सुगदीप पुत्र ब्रोजन विश्वास, जैबडी पुत्र ब्रोजन सभी लोग उक्त पता निवासी लखनऊ से दिल्ली लौट रहे थे तभी शनिवार की शाम लगभग 6 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में गांव सिरधर पुर के निकट किन्ही परिस्थितियों में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई ।इस हादसे में ब्रोजेन बुरी तरह से जख्मी हो गए जिन्हे यूपीडा टीम के सहयोग से गंजमुरादाबाद अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि अन्य लोगों को मामूली चोट आई है।

घटना के बाद यूपीडा टीम द्वारा कार का रेस्क्यू किया गया।

## डांस को लेकर वर व वधु पक्ष में हुआ विवाद पुलिस ने कराया समझौता

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। लड़की पक्ष के लोग बारात के स्वागत की तैयारियां कर रहे थे. दुल्हन भी तैयार हो गई थी. बारात भी गेस्ट हाउस के दरवाजे पर आकर खड़ी हो गई थी. बाराती डांस कर रहे थे. उन्हें देख लड़की पक्ष के लोग भी डांस करने के लिए आगे आ गए. मगर इस दौरान वहां ऐसा कुछ हो गया कि शादी होना ही भारी हो गया.दरअसल बारात का स्वागत करते समय लड़का पक्ष और लड़की पक्ष के लोग डांस कर रहे थे. इसी दौरान दोनों का आपस में विवाद हो गया. दुल्हन और दूल्हा पक्ष के लोगों के बीच हुआ विवाद कम नहीं हुआ और वह लगातार बढ़ता ही रहा. बात मारपीट तक आ गई. ये देख दूल्हे पक्ष ने शादी करने से इनकार कर दिया जिसकी सूचना पुलिस को मिली कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों का समझौता कराया और आखिरकार ये शादी संपन्न हुई पुलिस का ये कार्य देखकर लोग पुलिस की जमकर तारीफ करते नजर आए

# जर्जर सड़क का चौड़ीकरण निर्माण कार्य शुरू

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लोक निर्माण विभाग ने पोनी रोड के चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है। यह सड़क पिछले कई सालों से जर्जर हालत में थी। पोनी रोड तिराहा से पोनी गांव तक 6.5 किलोमीटर लंबी इस सड़क से तीन दर्जन से अधिक मोहल्लों और करीब 50 गांवों के लोग जुड़े हैं ।स्थानीय लोगों और संदेश फाउंडेशन की मांग पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शासन स्तर पर यह मामला उठाया। जनवरी के अंत में सड़क के चौड़ीकरण और मरम्मत के लिए मंजूरी मिली। शर्मा कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट लिमिटेड ने 5 करोड़ 99 लाख 83 हजार रुपये की सबसे कम बोली लगाकर यह ठेका हासिल किया ।वर्तमान में 3.75 मीटर चौड़ी सड़क को बढ़ाकर 5.5 मीटर किया जाएगा। पोनी गांव की तरफ जेसीबी मशीनों से खुदाई का काम चल रहा है। स्थानीय प्रशासन की निगरानी में यह कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सड़क के चौड़ीकरण से स्थानीय लोगों को गड्ढों और धूल भरी सड़क से निजात मिलेगी। यातायात सुगम हो जाएगा। हालांकि सड़क चौड़ी होने से कुछ मकान इसके दायरे में आ सकते हैं ।प्रशासन इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक समाधान पर भी विचार कर रहा है ताकि प्रभावित लोगों को कम से कम परेशानी हो। सड़क चौड़ीकरण से न केवल यात्रा सुगम होगी, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। अब तक सड़क संकरी और गड्ढों से भरी होने के कारण दोपहिया व चारपहिया वाहनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सड़क चौड़ी होने से वाहनों को सही जगह मिलेगी और ट्रैफिक जाम की समस्या भी कम होगी।

# मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की लोहिया अस्पताल लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई बताते चले कि बीती 20 फरवरी को कस्बे के मोहल्ला बबर अली खेड़ा निवासी बाइक सवार आशीष 28 वर्ष अम्बरलाल किसी काम से मियागंज की ओर जा रहा था तभी सफीपुर-मियागंज मार्ग गाव अब्दुल्लापुर के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ।राहगीरों ने आशीष को सी एच सी पहुचाया जहा डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि परिजन निजी वाहन से कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल ले गए थे वहां से युवक को लखनऊ के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर बीती रात इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई।

# श्री राम कथा का हुआ आयोजन, तीसरे दिन राम के जन्म होते ही समूचा पंडाल प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। बिछिया के पड़री कला में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के तीसरे दिन राम के जन्म होते ही समूचा पंडाल प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान मखाना टाफी आदि लुटाई गयीं। कथा व्यास पं प्रिया किशोरी ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। कथा वाचिका ने कहा राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। कथा वाचिका ने कथा कहते हुए भय प्रकट कृपाला दीन दयाला गाया तो श्रद्धालू श्री राम के जयकारे लगाते हुए झूमने लगे। यजमान नरेंद्र पाण्डेय ने सभी को बधाई देते हुए मखाना मेवा लुटाया। सदर विधायक पंकज गुप्ता के पुत्र प्रखर गुप्ता ने कथा में पहुँच व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया। शिवांश बाजपेई, राजेंद्र नाथ बाजपेई, पप्पू शुक्ला, राधेश्याम पाण्डेय, बच्चा बाजपेई, राजेंद्र पाण्डेय, नारेन्द्र, रामगोपाल दीक्षित जज्जा दीक्षित, अनुराग दीक्षित, विनीत यादव, भगवती यादव, शिवम्‌ यादव नीलेश यादव, गोली पाण्डे, गोलू पाण्डेय, किशनु सिंह, अंकुर विशेष पाण्डेय, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे। कथा संयोजक नारेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि श्री रामकथा का प्रवाह बुधवार से शुरू हो गया जो प्रतिदिन अपराह्न तीन बजे से शाम सात बजे तक होगा। 25 फरवरी को पूणार्हुति पर भंडारे का आयोजन होगा।

# सीएचसी परिसर के ऑफिस में घुसकर युवक ने की तोड़फोड़

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। सीएचसी में संविदा आरोग्य मित्र के ऑफिस में घुसकर युवक ने जमकर गाली गलौज व तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी ये देख अन्य कर्मचारी सकते में आ गए और युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया सीएचसी अधीक्षक ने पुलिस को युवक के खिलाफ शिकायत पत्र दिया पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में अमन कुमार जो संविदा पर आरोग्य मित्र के पद पर तैनात हैं आज दोपहर वो अपना काम कर रहा था तभी रोशननगर निवासी मनोज कुमार गौतम आया और अमन से जल्द काम करने को कहा जब उक्त कर्मचारी ने थोड़ी देर रुकने को कहा तो युवक आक्रोशित हो गया और गाली गलौज करते हुए वहां पर रखे विद्युत उपकरण कंप्यूटर में तोड़ फोड़ करना शुरू कर दिया ये देख अन्य कर्मचारी सकते में आ गए और आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया वही अमन ने बताया कि आरोपी युवक इसके पूर्व भी फोन पर कई बार गाली गलौज व धन उगाही की बात कर चुका हैं चिकित्सा अधीक्षक डॉ आर के वर्मा ने बताया कि पुलिस को शिकायत पत्र दिया गया है प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# लोक भवन में ताला लगाओ विरोध प्रदर्शन को विकलांग प्रकोष्ठ द्वारा कुछ समय के लिए किया गया स्थगित

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। शनिवार को कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश कांग्रेस कैम्प कार्यालय क्लेटरगंज फाटक पर 24 फरवरी को होने वाले लोक भवन में ताला लगाओ विरोध प्रदर्शन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की नीतियों और विकलांग लोगों की समस्याओं को लगातार सरकार द्वारा अनदेखा किए जाने को लेकर 24 फरवरी को पूरे प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा लखनऊ के लोक सभा भवन में आंदोलन होना पूर्व निर्धारित था। उन्होंने बताया कि लगातार विकलांगों द्वारा हो रहे आंदोलनों को देखते हुए सरकार द्वारा 24 फरवरी को ही शाम 4 बजे लोक भवन लखनऊ में राज्यपाल के निर्देश पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के साथ विकलांगों की समस्याओं को लेकर एक बैठक बुलाई गई है। जिसको देखते हुए 24 फरवरी को होने वाले आंदोलन को कुछ समय के लिए रोका जा रहा है अगर बात न बनी तो संगठन द्वारा आगे आंदोलन की रणनीति बनाकर पुनः सड़को पर उतर कर सरकार की ईट से ईट बजाने का काम कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा और जब तक विकलांगों की समस्याओं का हल नहीं निकलता संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदेश महासचिव तन्मय श्रीवास्तव ने बताया कि इस बजट में भी सरकार द्वारा विकलांगों को अनदेखा करने का किया गया न तो पेंशन में कोई बढ़ोतरी हुई और न किसी चीज में राहत मिली। जिसको लेकर विकलांगों में रोश है। प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष बंसीलाल, जिला सचिव अनोखे लाल, जिला उपाध्यक्ष शाश्वत, शहर अध्यक्ष रामू कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में भक्तों को कराया जा रहा है कथा का रसपान

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के निहालीखेड़ा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में चित्रकूट धाम से पधारे श्री सत्यानंद जी महाराज ने कथा के चौथे दिन बताया कि मन से विषय एवं कामनाओं को त्याग कर इन्द्रियों को अपने नियन्त्रण में कर लेने से मन भगवत्प्रेम के आनन्द से भर जाता है।

निहालीखेड़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भगवताचार्य ने राजा परीक्षित की कहानी सुनाते हुए बताया एक बार राजा परीक्षित आखेट हेतु वन में गये। वन्य पशुओं के पीछे दौड़ने के कारण वे प्यास से व्याकुल हो गये तथा जलाशय की खोज में इधर उधर घूमते घूमते वे श्रृंगी ऋषि के आश्रम में पहुँच गये। वहाँ पर शमीक ऋषि नेत्र बंद किये हुये तथा शान्तभाव से एकासन पर बैठे हुये ब्रह्मध्यान में लीन थे। राजा परीक्षित ने उनसे जल माँगा किन्तु ध्यानमग्न होने के कारण शमीक ऋषि ने कुछ भी उत्तर नहीं दिया। सिर पर स्वर्ण मुकुट पर निवास करते हुये कलियुग के प्रभाव से राजा परीक्षित को प्रतीत हुआ कि यह ऋषि ध्यानस्थ होने का ढोंग कर के मेरा अपमान कर रहा है। उन्हें ऋषि पर बहुत क्रोध आया। उन्होंने अपने अपमान का बदला लेने के उद्देश्य से पास ही पड़े हुये एक मृत सर्प को अपने धनुष की नोंक से उठा कर ऋषि के गले में डाल दिया और अपने नगर वापस आ गये।

**डारि नाग ऋषि कंठ में, नृप ने कीन्हों पाप।**

**होनहार हो कर हुतो, ऋंगी दीन्हों शाप॥**

शमीक ऋषि तो ध्यान में लीन थे उन्हें ज्ञात ही नहीं हो पाया कि उनके साथ राजा ने क्या किया है किन्तु उनके पुत्र ऋंगी ऋषि को जब इस बात का पता चला तो उन्हें राजा परीक्षित पर बहुत क्रोध आया। ऋंगी ऋषि ने सोचा कि यदि यह राजा जीवित रहेगा तो इसी प्रकार ऋषियों का अपमान करता रहेगा। इस प्रकार विचार करके उस ऋषिकुमार ने कमण्डल से अपनी अंजुली में जल ले कर तथा उसे मन्त्रों से अभिमन्त्रित करके राजा परीक्षित को यह श्राप दे दिया कि जा तुझे आज से सातवें दिन तक्षक सर्प डसेगा।

राजा परीक्षित ने अपने जीवन के शेष सात दिन को ज्ञान प्राप्ति और भगवत्भक्ति में व्यतीत करने का संकल्प कर लिया। अपने समर्थ पुत्र जनमेजय का राज्याभिषेक कर दिया और समस्त राजसी वस्त्राभूषणों को त्यागकर तथा केवल चीर वस्त्र धारण कर गंगा के तट पर बैठ गये। अपनी समस्त आसक्तियों को त्याग कर भगवान श्रीकृष्णचन्द्र की भक्ति में स्वयं को लीन कर लिया।

भगवताचार्य ने श्रोताओं को बताया मनुष्य जन्म लेने के पश्चात संसार के मायाजाल में फँस जाता है और उसे मनुष्य योनि का वास्तविक लाभ प्राप्त नहीं हो पाता। उसका दिन काम धंधों में और रात नींद तथा स्त्री प्रसंग में बीत जाता है। अज्ञानी मनुष्य स्त्री, पुत्र, शरीर, धन, सम्पत्ति सम्बंधियों आदि को अपना सब कुछ समझ बैठता है। वह मूर्ख पागल की भाँति उनमें रम जाता है और उनके मोह में अपनी मृत्यु से भयभीत रहता है पर अन्त में मृत्यु का ग्रास हो कर चला जाता है।

कथा का श्रवण कर रहे मुख्य यजमान दिनेश सिंह व उनकी धर्मपत्नी मनोज लता सिंह ने विधिवत पूजन अर्चन कर कथा का श्रवण किया कार्यक्रम आयोजक माता अन्नपूर्णा सेवा समिति में पंकज सिंह राहुल सिंह ,जय सिंह, रज्जन सिंह ,रामसनेही सिंह ,बबलू महेंद्र सहित

आस पास के गाँवो में भरतीपुर ,बुद्धा खेड़ा सगवर ,त्रिलोकपुर ,हलबल खेड़ा अलीपुर , धानी खेड़ा आदि गाँवो के लोग भी भागवद कथा का श्रवण करने पहुँचे।

# अतिक्रमण हटाने का जारी किया गया नोटिस

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नगर पालिका गंगाघाट ने वार्ड संख्या 8 सीताराम कॉलोनी में बड़ी कार्रवाई की तैयारी की है। पालिका ने गायत्री मंदिर से गौसिया मस्जिद और मनोहर नगर तक के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया है। पालिका ने अतिक्रमणकारियों को तीन दिन का समय दिया है। स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाने पर 25 फरवरी को दोपहर 2 बजे से प्रशासन कार्रवाई करेगा। इस दौरान अवैध दुकानें, ठेले, खोखे और अन्य अतिक्रमण हटाए जाएंगे। जब्त सामान वापस लेने के लिए जुमार्ना देना होगा ।पालिका ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई के दौरान होने वाले नुकसान का कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, सार्वजनिक नाली और सड़कों पर किए गए अतिक्रमण यातायात में बाधा बनते हैं। बरसात में नालियों के अवरुद्ध होने से जलभराव की समस्या भी होती है ।प्रशासन ने चेतावनी दी है कि भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पालिका ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता और सुव्यवस्थित यातायात के लिए सार्वजनिक स्थानों पर कोई निर्माण न करें ।प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कुछ लोग इस फैसले का स्वागत कर रहे हैं, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि पहले वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि नियमों का पालन करते हुए किसी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा, लेकिन अवैध अतिक्रमण को हर हाल में हटाया जाएगा।

## अमर शहीद आजाद की जन्मस्थली पर बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कार्य शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बदरका में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली पर बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस परियोजना की स्वीकृत लागत 618.44 लाख रुपये है। अनुबंधित लागत 469.28 लाख रुपये निर्धारित की गई है ।मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा और भगवंत नगर विधायक की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया। निर्माण का जिम्मा सरल इंटरप्राइजेज आरोही आर्केड मुंशीपुलिया लखनऊ को दिया गया है। कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस, उत्तर प्रदेश जल निगम लखनऊ होगी ।450 लोगों की क्षमता वाले इस बहुउद्देशीय हॉल में कई सुविधाएं होंगी। इनमें महिला-पुरुष ग्रीन रूम, टॉयलेट ब्लॉक और स्टाफ रूम शामिल हैं। साथ ही ऑफिस रूम, रिकॉर्ड रूम और लाइब्रेरी भी बनेगी। परिसर में सीसी रोड, पार्किंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और बोरिंग की सुविधा भी होगी ।यह परियोजना 13 फरवरी 2026 तक पूरी होगी। इससे क्षेत्र में सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोग इसे इतिहास और आधुनिकता का संगम मान रहे हैं। प्रशासन ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण का आश्वासन दिया है।

# गलत इंजेक्शन लगने से क्लीनिक पर बुजुर्ग की मौत



### परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, थाना रोजा क्षेत्र में एक बुजुर्ग की क्लीनिक में इंजेक्शन लगने के बाद मौत हो गई। मठिया कालोनी के 60 वर्षीय घासीराम को तबीयत खराब होने पर रोजा अड्डे के पास स्थित रस्तोगी क्लीनिक ले जाया गया था। परिजनों का आरोप है कि कंपाउंडर ने गलत इंजेक्शन लगा दिया। जिसके बाद बुजुर्ग की हालत बिगड़ गई। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद क्लीनिक स्टाफ मौके से भाग गया। आक्रोशित परिजनों ने शव को क्लिनिक के बाहर रखकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# होली के अनोखे जुलूस की तैयारी शुरू

## ड्रोन से होगी छतों की निगरानी, माहौल बिगाड़ने वालों पर रहेगी नजर

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, होली पर निकलने वाले देश के सबसे अनोखे जुलूस की तैयारियां प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी राजेश एस ने जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए विस्तृत योजना बनाई है। इस बार जुलूस मार्ग पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। मकानों की छतों पर ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने निर्देश दिए कि छतों पर ईंट, पत्थर और लोहे की रॉड नहीं होना चाहिए। जुलूस मार्ग पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। डीएम ने जुलूस मार्ग की व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। ढीले बिजली के तारों की मरम्मत, खुले ट्रांसफॉर्मर को ढकने और सड़कों के गड्ढों को भरने के आदेश दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से पूरे मार्ग की निगरानी की जाएगी। प्रशासन ने माहौल बिगाड़ने वालों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। डीएम ने लोगों से अपील की है कि जुलूस के दौरान कोई भी व्यक्ति ईंट-पत्थर न फेंके। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। शांतिपूर्ण जुलूस के लिए प्रशासन ने संभ्रांत नागरिकों से भी सुझाव मांगे हैं। पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी।

## सम्पादकीय

# हर दिन क्यों आसमान छू रहे हैं सोने के दाम

सदियों से, मानव विकास की प्रक्रिया के दौरान सोने ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मुद्रा, मूल्यवान संपत्ति के भंडार, आभूषण जैसे अनेक रूप में इसका उपयोग किया गया है। आभूषण मानव अलंकरण का एक अभिन्न अंग रहा है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए। महिलाओं में सोने के प्रति लगाव के पीछे भी यही कारण है कि सोने को न केवल आभूषण बल्कि विपरित हालात में भी बहुत उपयोगी माना गया है। झुमके, नाक की कील, कंगन, हार से लेकर कमरबंद और बिछिया तक सब सोने की ही पसंद की जाती रही हैं। समय और बदलती मानसिकता के साथ पुरुषों ने भी सोने के आभूषण पहनना शुरू किया। भारतीय संस्कृति में, किसी भी उत्सव और शुभ अवसर पर सोने के आभूषण पहनने को काफी महत्व दिया जाता है, लेकिन बीते कुछ दिनों से सोना आम गृहिणी की पहुंच से दूर हो रहा है। सोना 19 फरवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,043 रुपये बढ़कर 86,733 रुपये हो गया है। इससे पहले सोना 85,690 रुपए पर था। वहीं 14 फरवरी को सोना 86,089 रुपये ऑलटाइम हाई बना था। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपये से 10,571 रुपये बढ़कर 86,733 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपये प्रति किलो से 11,549 बढ़कर 97,566 रुपये पर पहुंच गया है। मंगलवार को चांदी का भाव 96,023 रुपये किलो था। सोने के लगातार बढ़ते दाम के पीछे माना जा रहा है कि ट्रम्प के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने से जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ गई हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से भी सोना महंगा हो रहा है। महंगाई बढ़ने से भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिल रहा है। सबसे अहम कारण शेयर बाजार में उतार आने से लोग गोल्ड में निवेश बढ़ा रहे हैं। निवेशकों को लग रहा है कि सोना न केवल अच्छा मुनाफा दे सकता है बल्कि इसमें रिस्क भी काफी कम है। अगर आंकड़ों को देखें तो दुनियाभर में हर साल 2200 टन सोने का उत्पादन होता है। लेकिन कोरोना के बाद हालात में बदलाव आया। 2021 के बाद से दुनियाभर के बैंक सोना खरीद रहे हैं। इसके चलते सोने के दाम आसमान छू गए हैं। भारत में शादी के सीजन में सोने का खास महत्व है। आजकल शादियों का सीजन भी चल रहा है, लेकिन सोना है कि हाथ से छिटकता जा रहा है। दिवाली के समय प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत लगभग 80 हजार रुपये थी, लेकिन अब फरवरी में इसकी कीमत लगभग 89 हजार के पास पहुंच गई है। इसका असर बाजार पर पड़ रहा है। सोने की बढ़ रही कीमत ग्राहकों से लेकर कारोबारियों के लिए चिंता बढ़ा रही है। स्थिति यह है कि अधिक कीमत की वजह से लोग खरीद में कटौती कर रहे हैं। यानी जो ग्राहक 10 ग्राम सोने की अंगूठी खरीदने की प्लानिंग से आता है, वह 5 ग्राम की अंगूठी खरीद रहा है। यह हाल सिर्फ ग्राहकों का ही नहीं, बल्कि कारोबारियों का भी है। सीमित बजट होने की वजह से कारोबारी भी कम सोना और चांदी खरीद रहे हैं। सर्राफा कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और उछाल आ सकता है। उन्हें लग रहा है कि इसी साल सोना 90 हजार रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो पीली धातू आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर चली जाएगी।



दो टूक
डॉ. अश्विनी महाजन

# वादे निभाना नई सरकार के लिए चुनौती

> किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

दिल्ली में लगभग 11 वर्षों के आम आदमी पार्टी के शासन के बाद सत्ता भारतीय जनता पार्टी के हाथ आ चुकी है। हालांकि किसी भी राज्य की सरकार हो या केंद्र की सरकार, सबकी चुनौतियां अलग-अलग होती हैं, लेकिन किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भाजपा 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भाजपा को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया।

प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही मुफ्त की योजनाओं के विरोधी रहे हैं, जिसे वे 'मुफ्त की रेवड़ी' भी कहते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने हेतु भाजपा को भी यह घोषणा करनी पड़ी कि जो भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। यही नहीं, गरीब महिलाओं के लिए भी 2500 रुपये प्रति माह से राशि देने का भी वादा भाजपा ने किया है। जहां अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना सारा ध्यान मुफ्त की योजनाओं में लगाया था, दिल्ली का विकास और सार्वजनिक योजनाओं का रखरखाव उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ।

दिल्ली के लोग पूर्व की भाजपा और कांग्रेस सरकारों को उनकी विकास योजनाओं के नाते ही जानते हैं। जहां मदनलाल खुराना के मुख्यमंत्री काल में दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर 'वाई' आकार के खंबों पर दौड़ती मेट्रो का आगमन हुआ, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने आगे बढ़ाया। दिल्ली, पूरे देश में अपने फ्लाईओवरों, मेट्रो और सड़कों के लिए जानी जाने लगी। लेकिन केजरीवाल के शासन में दिल्ली का विकास लगभग रुक गया। पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में शायद ही कोई नया फ्लाईओवर, विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय या अस्पताल बना होगा। हालांकि अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल को विश्वस्तरीय बताने और अपने मोहल्ला क्लीनिक मॉडल की सफलता बताने में जुटे रहे, लेकिन जमीनी सच्चाई अलग ही कहानी बयां कर रही थी। समझा जा सकता है कि सरकारी खर्च को मुफ्त की योजनाओं पर केंद्रित करते हुए, जो विकास और सार्वजनिक सेवाओं को तिलांजलि देने का जो काम केजरीवाल सरकार ने किया, उस नीति को उलटकर फिर से विकास को केंद्र में लाना जरूरी होगा। यमुना में फैक्टरियों के प्रदूषण और अन्य गंदगी को डालने और केंद्र तथा दिल्ली के बीच तालमेल के अभाव के चलते यमुना की गंदगी इन चुनावों में मुख्य मुद्दा रही। केजरीवाल ने भी स्वीकार किया कि वे यमुना की सफाई का काम नहीं करा पाए। नई सरकार के सामने यह चुनौती रहेगी कि वादे के अनुसार वह यमुना की सफाई के काम को आगे बढ़ायें। यमुना की सफाई और नदी तट का सौंदर्यकरण कोई असंभव काम नहीं है। लेकिन ऐसा करके दिल्ली को न केवल सुंदर बनाया जा सकता है, बल्कि यमुना तट को पर्यटन का आकर्षक केंद्र भी बनाया जा



सकता है। हमारे देश में भी पवित्र नदियों के घाटों में स्नान की सनातन परंपरा है। कुंभ से पूर्व गंगा की सफाई का भारी काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली चुनाव के बाद भी यमुना की सफाई के अपने संकल्प को दोहराया है। आशा की जा सकती है कि आने वाले कुछ वर्षों में यमुना की पवित्रता को पुनः स्थापित किया जा सकेगा। दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से लगभग दोगुनी है।

यही कारण है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति राजस्व भी सभी राज्यों के सम्मिलित प्रति व्यक्ति राजस्व की तुलना में लगभग दोगुना है। केंद्रीय कर प्राप्तियों का भी एक बड़ा हिस्सा दिल्ली को मिलता है। गौरतलब है कि दिल्ली का अपना कर राजस्व सभी राज्यों के कर राजस्व का 2.5 प्रतिशत है, जबकि देश की जनसंख्या में इसका हिस्सा मात्र 1.4 प्रतिशत ही है। इसी का लाभ उठाते हुए अरविन्द केजरीवाल से पूर्व की शीला दीक्षित सरकार ने 1999-2000 और 2014-15 के बीच के 15 वर्षों में पूंजीगत व्यय को मात्र 510.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7430 करोड़ कर दिया। खेद का विषय यह है कि वर्ष 2023-24 तक इसे सिर्फ 16230 करोड़ रुपये तक ही बढ़ाया गया, यानि मात्र 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। पूंजीगत अथवा विकासगत व्यय पर्याप्त रूप से नहीं बढ़ने का मुख्य कारण यह था कि अरविन्द केजरीवाल की सरकार अपने बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त बिजली, पानी के अलावा प्रचार पर खर्च करती थी। गौरतलब है कि 2023-24 के वर्ष में 557 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान प्रचार के लिए रखा गया था। समझा जा सकता है कि यदि अरविन्द केजरीवाल सरकार मुफ्त की योजनाओं की बजाय दिल्ली के विकास कार्यों पर खर्च करती तो दिल्ली की तस्वीर ही कुछ अलग होती। ऐसे में नई सरकार के समक्ष यह चुनौती रहेगी कि कैसे तथाकथित जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखते हुए दिल्ली के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाएं। दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, शहरी कूड़े का निदान, स्वच्छता की व्यवस्था, झुग्गी-झोपड़ी के स्थान पर हाउसिंग की सही व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार सड़कों का चौड़ीकरण, फ्लाई ओवरों का निर्माण और सड़कों का रखरखाव समेत विविध विकास कार्यों को केंद्र में रखकर बजट बनाने की जरूरत होगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के झुग्गी निवासियों को एक वादा किया कि झुग्गी वासियों की उनकी झुग्गियों हकी जगह पक्का मकान मिलेगा। इस वादे को इस कारण भी निभाना जरूरी है, क्योंकि इसी के द्वारा दिल्ली राजधानी को एक सही पहचान मिल सकेगी।

केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि वे 2000 लीटर पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का दंभ भरते रहे, लेकिन न तो दिल्ली के सभी स्थानों पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी और न ही दिल्लीवासियों को साफ पानी मिल सका। गंदा पानी दिल्ली जल बोर्ड की जैसे पहचान बन गई थी। दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगड़ गई थी कि उस पर लगभग 2021-22 तक 73197 करोड़ का ऋण बकाया था। यह जरूरी होगा कि नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग और पर्याप्त संसाधन आवंटित कराते हुए दिल्ली को कूड़े से मुक्ति दिलाते हुए उसे उसकी सही पहचान दिलाई जाए। दिल्ली में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवरों के निर्माण, सड़कों के चौड़ीकरण और सड़कों के सही रखरखाव हेतु पर्याप्त संसाधन जुटाने होंगे। दिल्ली की नई रेखा गुप्ता सरकार के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेवारी, उसे पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की होगी। शेष दुनिया के अनुभवों से सीख लेते हुए दिल्ली में वाहनों के प्रदूषण को कम करने, धूल को न्यूनतम करने, जल प्रदूषण को समाप्त करने समेत कदम उठाने होंगे।

बिहार चुनाव
उमेश चतुर्वेदी



# प्रगति रथ पर चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस ली है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद में बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों ने नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ चेहरा सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को ज़मीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवरब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए। प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20 हजार करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। इनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है। नीतीश के लिए चनौती शराबबंदी बनी हुई है।

# योग के सभी सूत्र मानव जीवन की आधारशिला



संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणेता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# रावण की वजह से बना बैद्यनाथ मंदिर



संकलित
प्रेरणा

त्रेता युग की घटना है। रावण शिव जी का परम भक्त था। रावण ने हिमालय क्षेत्र में शिवलिंग बनाकर कठोर तप किया था। इस तप से शिव जी प्रसन्न होकर प्रकट हुए। भगवान ने रावण से वरदान मांगने के लिए कहा। रावण ने शिव जी से कहा कि मैं आपका ये शिवलिंग लंका में स्थापित करना चाहता हूं। शिव जी ने रावण की इच्छा पूरी होने का वरदान दिया, लेकिन साथ में ये भी कहा कि रास्ते में तुम ये शिवलिंग जहां रख दोगे, शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। इसके बाद तुम ये शिवलिंग आगे नहीं ले जा पाओगे। रावण ने शिव जी का बात मान ली और शिवलिंग उठाकर लंका की ओर चल दिया। रास्ते में रावण ने गलती से एक जगह शिवलिंग रख दिया। थोड़ी देर बाद वह शिवलिंग फिर से उठाने लगा, लेकिन शिवलिंग वहीं स्थापित हो गया था। बहुत कोशिश करने के बाद भी रावन शिवलिंग को उठा नहीं सका। अंत में हिम्मत हारकर रावण वहां से चला गया। रावण के जाने के बाद सभी देवी-देवता, ऋषि-मुनि और अन्य लोग इस शिवलिंग के पास पहुंचे और शिव पूजा की। सभी की पूजा से भगवान प्रसन्न हुए और प्रकट हुए। सभी भक्तों ने शिव जी से प्रार्थना की कि अब से वे यहीं निवास करें, ताकि भक्त आसानी से दर्शन-पूजन कर सके और उनका कल्याण हो सके। भक्तों की बात सुनकर शिव जी इसी शिवलिंग में ज्योति स्वरूप में विराजित हो गए। बाद ये ज्योतिर्लिंग बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## शिवाजी जयंती



छत्रपति शिवाजी महाराज की पोशाक पहने एक व्यक्ति मुंबई में बुधवार को शिवाजी महाराज की जयंती मनाने वाली एक रैली में भाग लेता हुआ।

## आज की पाती

### परीक्षा में बच्चों के खानपान का रखें ध्यान

बोर्ड परीक्षा बच्चों के लिए एक महत्त्वपूर्ण समय है, जिसके लिए लंबे समय तक अध्ययन, ध्यान और मानसिक सहनशक्ति की आवश्यकता होती है। हालांकि, खराब डाइट और अस्वास्थ्यकर खान-पान से थकान, एकाग्रता की कमी और तनाव हो सकता है। आपका बच्चा सक्रिय, सतर्क और तनाव मुक्त रहे, इस अवधि के दौरान उसे सही पोषण प्रदान करना आवश्यक है। इसलिए परीक्षा के दौरान बच्चों को घर का बना शुद्ध और सात्विक आहार ही देना चाहिए। बच्चे जो खाना खाते हैं उसका सीधा असर उनके मस्तिष्क की कार्यप्रणाली, एकाग्रता और ऊर्जा के स्तर पर पड़ता है। संतुलित आहार याददाश्त, फोकस और स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद करता है। – *संकेत वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### ऋषि सुनक अच्छे मित्र



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर बहुत खुशी हुई! हमारे बीच कई विषयों पर शानदार बातचीत हुई। श्री सुनक भारत के बहुत अच्छे मित्र हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के इच्छुक हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मोदी जी की गारंटी



गुजरात नगर निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत का आशीर्वाद देकर गुजरात की जनता ने एक बार फिर बता दिया है कि उन्हें सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। भाजपा के नेतृत्व में गुजरात विकास की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### सभी का विश्वास जरूरी



महाकुंभ को लेकर सत्ता-विपक्ष के अलग-अलग तर्क हैं, जबकि व्यापक जनहित व जनकल्याण के लिए सभी का विश्वास जरूरी, ताकि सरकारी धन-संसाधन का सही उपयोग हो सके। वैसे भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी आदि यूपी की समस्या है।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### मिलिंद रेगे को श्रद्धांजलि



मिलिंद रेगे सर के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। मुंबई क्रिकेट में उनका योगदान अमूल्य था और उनके मार्गदर्शन ने कई करियर को आकार दिया। उसकी आत्मा को शांति मिले।
-यूसुफ पठान, भारतीय क्रिकेटर

## करंट अफेयर

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर के खिलाफ आरोप दायर



पाउलो गोनेट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव में हार के बाद भी पद पर बने रहने के लिए तख्तापलट का प्रयास करने का मंगलवार को औपचारिक रूप से आरोप लगाया। आरोप है कि तख्तापलट की इस साजिश के तहत बोल्सोनारो के उत्तराधिकारी और वर्तमान राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को जहर देने की योजना भी बनाई गई थी। गोनेट ने आरोप लगाया कि बोल्सोनारो और 33 अन्य लोगों ने सत्ता में बने रहने के लिए षड्यंत्र रचा जिसके तहत लूला को जहर देने और पूर्व राष्ट्रपति के विरोधी एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस की गोली मारकर हत्या करने की योजना भी बनाई

## ऑफ बीट

### कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है।

## संक्षेप

### स्केटिंग पर निकले युवक की अनोखी यात्रा

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं का अनूठा सफर जारी है। अयोध्या के किशुनगंज गांव के रहने वाले मोहित प्रजापति ने स्केटिंग के जरिए महाकुंभ जाने का अनोखा तरीका चुना है। मोहित 18 फरवरी को अयोध्या से स्केटिंग करते हुए प्रयागराज के लिए निकल पड़े हैं। उन्होंने 180 किलोमीटर की यह यात्रा राममंदिर के दर्शन के बाद शुरू की है। उनका लक्ष्य त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करना है। 144 वर्षों बाद हो रहे इस महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। अमृत स्नान समाप्त होने और कल्पवासियों के जाने के बाद भी भक्तों की संख्या में कमी नहीं आई है। श्रद्धालु विभिन्न माध्यमों से महाकुंभ पहुंच रहे हैं। कोई निजी वाहन से आ रहा है तो कोई मोटरसाइकिल से। कुछ लोग साइकिल से यात्रा कर रहे हैं और कुछ पैदल चलकर त्रिवेणी में स्नान करने पहुंच रहे हैं।

### 2 अपराधियों पर जिला बदर की कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन ने एक कड़ी कार्रवाई की। डीएम हर्ष कुमार के आदेश पर मुनिराज निषाद उर्फ मुनिराम को जिला बदर किया गया। थाना मोतिगरपुर के गांव काछा भिटौरा के निवासी मुनिराज के खिलाफ यह कार्रवाई 15 जनवरी को जारी आदेश के तहत की गई। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो वह वहां नहीं मिला। पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी कराते हुए जिला बदर का आदेश सार्वजनिक रूप से सुनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार अपने दल-बल के साथ कार्रवाई में मौजूद रहे। उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को जिला बदर की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसी क्रम में पूरे मितई अमहट निवासी मोनू वर्मा उर्फ विवेक वर्मा की भी हिस्ट्रीशीट खोली गई।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव की पहल

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इनरव्हील क्लब सुल्तानपुर ने हनुमंत मैटर्निटी एंड ट्रामा सेंटर में टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉक्टर मानसी तोमर ने 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाई। आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित हर 10 में से 4 महिलाओं की मृत्यु हो जाती है। लेकिन समय पर वैक्सीनेशन से इस बीमारी से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में बच्चियों के साथ उनके परिजन भी मौजूद रहे। लोगों को जागरूक किया इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष अलका गुप्ता ने सुल्तानपुर की महिलाओं को वैक्सीन के प्रति जागरूक किया।

# जिले के 125 परीक्षा केन्द्रों पर 24 फरवरी से आरम्भ होगी बोर्ड परीक्षा

## स्टेटिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की निगरानी में होंगे परीक्षा केन्द्र

- नकलविहीन परीक्षा के लिए किये गये फुलप्रूफ बन्दोबस्त
- छापामारी के लिए गठित किये गये सचल दल

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि जनपद के 125 परीक्षा केन्द्रों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा 24 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक आयोजित वर्ष-2025 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परिक्षायें दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 08.30 बजे से पूर्वान्ह 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02.00 बजे से अपरान्ह 05.15 बजे तक सम्पन्न होंगी। डीआईओएस श्री अहिरवार ने बताया कि शासन एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जनपद में बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

डीआईओएस ने बताया कि जनपद में अवस्थित 125 परीक्षा केन्द्रों को 08 जोन व 30 सेक्टरों में विभाजित कर किया गया है। जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ-साथ सेक्टरवार व जोनवार मजिस्ट्रेटों की तैनाती की डीएम द्वारा की गई है। इसके अतिरिक्त प्रश्न पत्रों के पहुँचने से पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के कार्यालय में स्थापित आनलाइन कन्ट्रोल रूम की निगरानी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा की जायेगी। डीआईओएस ने बताया कि शासन व बोर्ड के दिशा निदेशों के अनुसार बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डीएम द्वारा समस्त केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर विस्तृत दिशा निर्देश दिये जा चुके हैं। परीक्षा केन्द्रों की भांति संकलन केन्द्रों पर भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा अवधि में परीक्षार्थियों की एकाग्रता प्रभावित न हो इसके लिए परीक्षा केन्द्र के आस-पास ध्वनि विस्तारक यन्त्रों के प्रयोग तथा परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स को न ले जाने के सम्बन्ध में दिशा निदेशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराया जायेगा। बोर्ड परीक्षा को शुचिता पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जिले में 06 सचल दलों का गठन किया गया है तथा समस्त परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया जा चुका है। डीएम मोनिका रानी ने सचेत किया है कि बोर्ड परीक्षा में अनुचित साधनों, प्रश्न पत्रों के समय के पूर्व प्रकटन को रोकने, सॉल्वर गिरोह को अभिनिषिद्ध करने और उससे सम्बन्धित आनुषंगिक मामलों में दोषी पाये जाने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धि का होगा। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि बोर्ड परीक्षा-2025 में कार्मिकों की ड्यूटी कदापि न काटी जाये।

# महानिदेशक युवा कल्याण ने मण्डलीय अधिकारियों के साथ की बैठक



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विकास भवन सभागार में महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश श्रीमती चैत्रा वी. ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप निदेशक युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल गोरखपुर जोन, मण्डल के चारों जनपद के जिला युवा कल्याण अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय के साथ मण्डलीय समीक्षा बैठक की। बैठक में महानिदेशक महोदया द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं उनके क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उन्होनें पीआरडी जवानों को वदीर्धारी सुरक्षाबल होने के कारण अपनी ड्यूटी दायित्वों का निर्वहन एवं अनुपालन एवं पूर्ण निष्ठा के साथ करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त मंगल दल के सदस्यों तथा अन्य युवाओं को यूथ पालियामेन्ट में प्रतिभाग करने हेतु माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु भी निर्देशित किया। महानिदेशक श्रीमती चैत्रा वी. ने प्रत्येक ब्लाक में जवानों के लिए मिनी स्टेडियम अथवा खेलकूद मैदान बनाये जाने के निर्देश दिये। इस हेतु उन्होनें मुख्य विकास अधिकारी से शीघ्र आपेक्षित कार्यवाही करने को कहा। वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद के मैदान को डेवलप किया जाय। उन्होनें सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से कहा कि कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को रखा जाय इसका शीघ्र निराकरण कराया जायेगा। बैठक से पूर्व महानिदेशक श्रीमती चैत्रा वी. के लो.नि.वि. निरीक्षण भवन पहुंचने पर गार्ड आफ आनर दिया गया तथा जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शिष्टाचार भेंट की।

# कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 22 फरवरी को व्यवसायिक सब्जी बीज उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 25 पुरुष व महिला कृषकों ने भाग लिया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संदीप कुमार कनौजिया ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। डॉ. प्रियंका ने प्रशिक्षण के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बीज उत्पादन करने की तकनीक के बारे मे जानकारी दिया। साथ ही बीज उत्पादन में क्या क्या सावधानियां रखनी चाहिए। जैसे कि बीज की अच्छी क्वालिटी सर्टिफाइड वैरायटी लेने से लेकर, पौध से पौध की निश्चित दूरी पे लगाए। आइसोलेशन डिस्टेंस बनाए रखे। बीज बोने से पूर्व बीज शोधन करे, 3जी कटिंग कर के अधिक उत्पादन लेने की विधि पे जानकारी दिया। डॉ शैलेंद्र सिंह ने आने वाले जायद की फसल भिंडी, मिर्ची, टमाटर, धनिया, कद्दू वर्गी सब्जी का उत्पादन तकनीक पर जानकारी दिए। डॉ. शैलजा ने सब्जियों के पोषक तत्त्व का के बारे मे जानकारी दी। डॉ. नंदन सिंह ने मृदा शोधन और प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दिया। डॉ अरुण राजभर ने गर्मी में होने वाले सब्जियों का उत्पादन से कैसे अधिक लाभ ले सकते है, इसके बारे में जानकारी दिया। किसानो में मुख्य रूप से कलावती, माया, बिंदु, राजू, रमेश आदि उपस्थित रहे।

# बीडीओ मिहींपुरवा के पदोन्नति होने पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मिहींपुरवा खंड विकास अधिकारी अजीत सिंह के पदोन्नति होने पर एक सम्मान समारोह ब्लॉक परिसर के मीटिंग हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सौरभ वर्मा रहे विशिष्ट अतिथि वर्तमान बीडीओ विनोद कुमार यादव रहे। मालूम हो कि मिहीपुरवा के पूर्व बीडियो अजीत सिंह का उपयुक्त श्रम रोजगार सुल्तानपुर के पद पर चयन किया गया है जिसके लिए विकासखंड के समस्त कर्मचारियों अधिकारियों ने एक सम्मान समारोह आयोजित किया। पूर्व बीडीओ अजीत सिंह के 2 वर्ष के कार्यकाल की सभी ने सहारना करते हुए उन्हें मोमेंटो एवं फूलमालाओं से सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने उनके द्वारा विकासखंड में विकास कार्य एवं सरकार की योजनाओं का जिस तरीके से संचालन किया गया। उसके लिए उन्हें आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया तथा कार्यक्रम में उपस्थित खंड विकास अधिकारी विनोद यादव ने शुभकामनाएं देते हुए उन्हें उपायुक्त के पद पर होने की बधाई दी। कार्यक्रम में उपजा पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष अनिल कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार रईस खान, योगेन्द्र मौर्या, मामून रसीद, एसपीवीपी इंटर कालेज सेमरहना के प्राचार्य दुर्गेश कुशवाहा ने अजीत सिंह के उपायुक्त पद पर पदोन्नति होने पर उन्हें मोमेंटो एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह का आयोजन एडीओ पंचायत अशफाक अहमद तथा समस्त विकासखंड के ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी तथा कर्मचारियों ने भव्य तरीके से आयोजित किया। एडीओ कऑपरेटिव उमेश यादव को भी पदोन्नति हो जाने के कारण उन्हें भी लोगों ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी जयप्रकाश वर्मा, नागेश त्रिपाठी, बृजेश कुमार, अयूब खान इरशाद अहमद, अनुज पाल , अर्जुन सोनकर सहित काफी संख्या में ब्लॉक के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिनेश शर्मा बने अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा की आदेश पर युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिन्मय भारद्वाज ने दिनेश शर्मा को महासभा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन से ब्राह्मण युवाओं में खुशी की लहर है।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा को भेजे गए नियुक्ति पत्र में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपेक्षा की है कि वह ब्राह्मणों की आवाज को बुलंद करते हुए समाज के उत्थान के लिए संगठन में समर्पित सिपाही के रूप में काम करते हुए ब्राह्मण बंधुओं की भावनाओं का उत्साहवर्धन करेंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनसे आशा जताई है कि वह संगठन को अपने जनपद के प्रत्येक गांव, शहर और कस्बा तक पहुंचाने का काम करेंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के समर्थकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उनकी नियुक्ति का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

# भवानी नगर में मां माता की मूर्ति स्थापना

## श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा, लोगों ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, तिलोई विकास खंड की ग्राम पंचायत चिंगाही के भवानी नगर में एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन हुआ। मां माता की मूर्ति स्थापना के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए मूर्ति स्थापना स्थल तक पहुंची। क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने भक्ति गीत गाए। मां माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस धार्मिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य धार्मिक आस्था को मजबूत करना और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों और युवाओं का विशेष योगदान रहा। मुख्य यजमान राकेश सिंह और यज्ञ आचार्य पंडित बृजेश मिश्रा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। श्रद्धालुओं ने मां माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कावड़ यात्रा और शिवरात्रि को लेकर अलर्ट



- डीआईजी मुनिराज अमरोहा पहुंचे, सोशल मीडिया की अफवाहों पर रहेगी नजर

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, मुरादाबाद के डीआईजी मुनिराज जी ने ग अमरोहा में आगामी त्योहारों की तैयारियों का जायजा लिया। वे दोपहर एक बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। एसपी ऑफिस के सभागार कक्ष में उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य कावड़ यात्रा और महाशिवरात्रि समेत आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना था। प्रबंध की समीक्षा की डीआईजी ने त्योहार रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस प्रबंध की समीक्षा की। होलिका दहन स्थलों के सत्यापन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा। साथ ही सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

# 20 दिन पहले हुई शादी, युवक के साथ भागी विवाहिता

## लड़की के पिता का आरोप बहला-फुसलाकर ले गया, हसनपुर में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, सैदनगली थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय विवाहिता को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की शादी 25 जनवरी को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में थाना मैनेठेर के एक गांव निवासी से हुई थी। 15 फरवरी को गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया। पीड़िता के पिता ने बेटी की काफी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। जब पिता ने आरोपी युवक के ताऊ से इस बारे में शिकायत की, तो उन्होंने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा के अनुसार, आरोपी भोले सिंह पुत्र जगत सिंह और चंद्रभान पुत्र मुरारी निवासी पण्डकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# बच्चे के अपहरण में पुराने रंजिश का खुलासा

## 3 साल के मासूम को 90 हजार में बेचने की साजिश नाकाम, पड़ोसी समेत 3 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



बांदा, तीन वर्षीय बच्चे के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। मरका थाना क्षेत्र के कुमेढ़ा गांव में जगजीवन वर्मा का बेटा विनायक 16 फरवरी को घर के सामने स्थित मंदिर से गायब हो गया था। पुलिस जांच में पता चला कि यह अपहरण पुरानी रंजिश का मामला है। आरोपी रामधनी वर्मा ने पूछताछ में बताया कि 14 साल पहले उसकी बेटी को भगाने में बच्चे के परिवार का हाथ होने की आशंका थी। इसी रंजिश के चलते उसने अपने बेटे कमल वर्मा और गौरीताला निवासी विजय करन यादव की मदद से बच्चे का अपहरण किया। मामले में एक नया मोड़ तब आया जब कानपुर बिल्हौर के अरविंद यादव ने बच्चे की खरीद-फरोख्त की पेशकश की। अरविंद ने 10 दिन पहले रामधनी से संपर्क कर छोटे बच्चे की मांग की थी। रामधनी ने बदला लेने और पैसों की लालच में बच्चे को बिल्हौर ले गया, लेकिन सौदा नहीं हो पाया। पुलिस ने देर शाम को मरका गांव के बलराम चौराहे से तीनों आरोपियों को ऑटो समेत गिरफ्तार कर लिया। बच्चे को 90 हजार रुपए में बेचने की योजना थी। क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह के अनुसार, मुख्य आरोपी अरविंद यादव फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# नहर में मिला महिला का शव



- सुबह ग्रामीणों ने देखा, नहीं हो सकी शिनाख्त, आसपास के थानों में भेजी गई फोटो

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, मोहनगंज में शारदा सहायक नहर के गोकुला पुल के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह खेतों की तरफ जा रहे ग्रामीणों ने नहर में शव देखा। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मोहनगंज पुलिस एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला और पहचान के लिए स्थानीय लोगों को दिखाया। महिला की उम्र 35 से 40 साल के बीच आंकी गई है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। 72 घंटे मोर्चरी में रखा जाएगा शव मोहनगंज एसएचओ राकेश सिंह के मुताबिक, पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से पंचायतनामा भरवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# ग्राम सचिवालय बंद रहने से ग्रामीण परेशान

## नहीं मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ, रोजाना लटका रहता ताला

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , तिलोई और सिंहपुर में ग्राम सचिवालय की लापरवाही सामने आई है। पंचायत भवन में रोजाना ताला लटका रहता है। इससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे कामों के लिए भी ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सरकार ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए पंचायत स्तर पर ग्राम सचिवालय की स्थापना की है। यहां परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज बनाए जाते हैं। लेकिन पश्चिम तिलोई और सिंहपुर में सचिव और पंचायत सहायक की लापरवाही से लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए पंचायत भवन का कोई फायदा नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन सिर्फ अधिकारियों के आने पर ही खुलता है। इससे सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाएं पंचायत स्तर पर चलाई जा रही हैं। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही से पात्र हितग्राही इनका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि पंचायत भवन को रोजाना खोलने का आदेश है। अगर कोई पंचायत भवन बंद पाया जाता है तो संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर कार्रवाई

**तीन घंटे के अभियान में 588 लोग पकड़े, सभी का किया चालान**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष अभियान में 588 लोगों को गिरफ्तार किया गया। शहर में लगातार सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान की शिकायतें मिल रही थीं। राहगीरों को होने वाली परेशानी को देखते हुए पुलिस ने यह अभियान चलाया। शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में शराब के ठेकों के आसपास और सड़क किनारे विशेष जांच की गई। नगर जोन में सबसे ज्यादा 277 लोगों को पकड़ा गया। इनमें कोतवाली घंटाघर से 55, विजयनगर से 41, सिहानी गेट से 32, नंदग्राम से 54, कवि नगर से 48 और मधुबन बापूधाम से 47 लोग शामिल हैं। देहात जोन में 160 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी और ट्रॉनिका सिटी से 17-17, अंकुर विहार और लोनी बॉर्डर से 11-11, मसूरी से 18, मुरादनगर से 25, मोदीनगर से 6, निवाड़ी से 4, भोजपुर से 10, वेव सिटी से 12 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 29 लोग शामिल हैं। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में 151 लोगों को पकड़ा गया। इनमें इंदिरापुरम से 36, कौशांबी से 24, खोड़ा से 8, साहिबाबाद से 20, लिंक रोड से 21, शालीमार गार्डन से 16 और टीला मोड़ से 26 लोग शामिल हैं। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत सभी का चालान किया गया।

# यातायात नियमों का पालन न करने पर हो रही घटनाएं

## मोटरसाइकिलों की टक्कर में सगे भाई गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। अमौली कस्बा मुख्यालय अंतर्गत मंडी समिति के पास देर शाम शुक्रवार मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए कस्बा निवासी अनूप तिवारी एवं बीपेंद्र तिवारी अपनी दुकान बंद करके मोटरसाइकिल से घर के लिए आ रहे थे की तभी मंडी समिति के मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार मे आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी स्थानीय पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सीय टीम ने प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर चोट होने के कारण दोनों ही सगे भाइयों को कानपुर के लिए रेफर कर दिया चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि दोनों ही लोगों की मोटरसाइकिलों को चौकी में खड़ा



कर लिया गया है तहरीर आने के पश्चात नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी वहीं दूसरी घटना कल शनिवार को अमौली के मेला मैदान से भाजी ताला मार्ग पर कस्बा निवासी कमलेश कुमार कुटार का पुत्र रोहित उम्र 19 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से घर के लिए आ रहा था तभी अज्ञात मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई जिसमें रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर चोट होने के कारण कानपुर के लिए रेफर कर दिया जानकारी करने पर कस्बा चौकी प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है

### एबीएसए की अध्यक्षता में संपन्न हुई मासिक समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल की अध्यक्षता में पैल लैब से संबंधित विद्यालयों के साथ एक मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में विकासखंड के पांच विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षक पहुंचे जिनकी उपस्थिति में डैशबोर्ड ट्रेनिंग से संबंधित बच्चों की डैस बोर्ड से समीक्षा करना विगत वर्ष सी एस एस एल द्वारा लिए गए असेसमेंट रिजल्ट इत्यादि पर विशेष चर्चा की गई बैठक में मौजूद कन्वे जीनियस के एफएमएस जुगनू भारती एवं साक्षी यादव द्वारा सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई वही आगामी समय में इसे तीव्रता से लाने के लिए नवीन विचार विमर्श बैठक के दौरान हुए इस बैठक में विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग के प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता शिक्षक विकास कुमार समेत अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक तथा कक्षा तीन से आठ तक के हिंदी गणित विषय के शिक्षकों ने सहभागिता निभाई

# अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत, 24 घायल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत भारतपुर के समीप एक ही दिन में तीन घटनाएं घटित हुई जहां तेज रफ्तार से आ रही कार ने पिकअप को टक्कर मारी जिसमें 14 लोग घायल तथा एक कुंभ जा रहे हैं श्रद्धालु की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार सभी श्रद्धालु राजस्थान प्रांत से महाकुंभ गंगा स्नान करने जा रहे थे इसी प्रकार कुछ दूर पर ही एक घटना घटित हुई जिसमें खड़ी टूरिस्ट बस में एक कार पीछे से आकर घुस गई जिसमें चार लोग घायल हुए एक की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार कार सवार सभी श्रद्धालु दिल्ली से महाकुंभ प्रयागराज जा रहे थे ठीक इसी प्रकार तीसरी घटना खड़े ट्रेलर के पीछे से आकर कर घुस जाने के कारण हुई जिसमें 6 लोग घायल हुए तथा एक व्यक्ति की मौत हो गई घायल श्रद्धालुओं ने बताया कि वह महाकुंभ प्रयागराज से स्नान करके वापस जयपुर राजस्थान जा रहे थे सभी घटनाओं में मौके पर पहुंचे प्रशासन ने तीनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर




पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही सभी घायलों को जिला अस्पताल भर्ती किया गया प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने सात घायलों को कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर किया

# पुलिस की दो बदमाशों से मुठभेड़

**800 मीटर पीछा कर की घेराबंदी, बदमाशों ने किया फायर, दोनों के पैर में लगी गोली**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, थाना सेक्टर-20 पुलिस डीएलएफ तिराहा शौचालय के पास चैकिंग कर रही थी। सामने से बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल स्पलेंडर प्लस, जिस पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। मोटर सवार व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रुके। संदिग्ध होने पर पीछा किया गया। वॉर्निंग भी दी गई। करीब 800 मीटर पीछा किया गया। इसके बाद बदमाश सेक्टर-18 की मल्टीलेवल कार पार्किंग की झाड़ियों में घुस गए। वहां बदमाशों ने अपने आप को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इसमें 02 बदमाशों को गोली लगी। इसमें एक की पहचान शहजाद उर्फ शाहिद निवासी नैनीताल और दूसरा शाकिर अहमद निवासी बागपत के रूप में हुई। इनके कब्जे से एक जोड़ी पायल सफेद धातु, दो सिक्के सफेद धातु, 02 तमंचे बरामद किए गए। बरामद की गई स्पलेंडर बाइक चोरी की मिली। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया गया कि दोनों शातिर किस्म के अपराधी हैं। ये बाइक से राह चलते लोगों से मोबाइल और चेन आदि छीनते थे। साथ ही घरों की रैकी कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। साथ ही बरामद किए गए जेवर किसके और कहां बेचने जा रहे थे। इसकी जानकारी ली जा रही है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

**स्याना में मेडिकल कैंप, भंडारे और सफाई की व्यवस्था, मार्ग की लाइट और सफाई के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, स्याना में कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसडीएम गजेंद्र सिंह ने गुरुवार को कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया।

इस दौरान चिकित्सा प्रभारी अमित कुमार और कोतवाली प्रभारी यगदत्त शर्मा भी उनके साथ थे। एसडीएम ने जिले की सीमाओं से गुजरने वाले कांवड़ मार्गों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने शिव भक्तों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मार्गों पर साफ-सफाई और रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। शिव भक्तों के लिए मार्ग में कई मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे। इन कैंपों के स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। टूटी सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है। कांवड़ यात्रियों के विश्राम के लिए



नियमित दूरी पर भंडारों की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने पीने के पानी और रात्रि में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की है। कांवड़ मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी

# अवैध भैंसा बुग्गी दौड़



**दिल्ली–सहारनपुर हाईवे पर दर्जनों युवाओं ने कराई प्रतियोगिता, जांच शुरू**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर अवैध भैंसा बुग्गी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह घटना पाली और काठा गांव के पास की है। प्रतियोगिता में दर्जनों युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान पशुओं को हाईवे के बीचोंबीच दौड़ाया गया। बाइक सवार युवक आसपास से दौड़ का समर्थन करते दिखे। प्रतियोगिता के दौरान वाहन चालकों में अफरा-तफरी मची रही। दिन के समय में आयोजित इस अवैध प्रतियोगिता ने पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी। शहर कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रतियोगिता के आयोजकों और इसमें शामिल लोगों की तलाश कर रही है। इस प्रतियोगिता में पशुओं के साथ क्रूरता की गई, जो कानून के खिलाफ है।

### पुलिस ने शराब पार्टी में धमकी देने वाला पकड़ा

**रील बनाकर गोलीबारी की दी धमकी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने पुलिस को सतर्क कर दिया। 18 सेकंड के इस वीडियो में 15 युवक शराब पार्टी करते दिखाई दिए। वीडियो में एक युवक ने बदमाशी और गोलीबारी की खुली धमकी दी। वीडियो में आरोपी ने कहा कि बदमाशी में बड़ी तबाही मचेगी। उसने लाल कुआं से केला भट्टा तक गोली चलाने की बात भी कही। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। यह वीडियो थाना वेव सिटी इलाके का निकला। पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। वीडियो में धमकी देने वाले मुख्य आरोपी सुनील शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसओ वेव सिटी सर्वेश पाल के अनुसार, वीडियो में दिख रहे अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जांच में पता चला कि सुनील शर्मा बेरोजगार है। उसके पिता एक सरकारी विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। पुलिस अब वीडियो में दिख रहे अन्य युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

# 34 श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा

- सुरक्षा के लिए मेडिकल टीम मौजूद, 25 हजार लोगों ने कराया पंजीकरण

अमन लेखनी समाचार

बागपत, बागपत से 34 श्रद्धालुओं को लेकर केटी विंग की बस प्रयागराज कुंभ के लिए रवाना हो गई। यात्रा की शुरूआत पांच प्रसिद्ध साधु-संतों के मंत्रोच्चार और पूजन के साथ हुई। संस्था के संस्थापक के.टी. भैया भी श्रद्धालुओं के साथ यात्रा में शामिल हैं। यात्रियों में 16 महिलाएं शामिल हैं। केटी विंग संस्था यात्रियों के आने-जाने, ठहरने और भोजन का पूरा खर्च वहन कर रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक मेडिकल टीम भी बस में मौजूद है। बस केटी विंग की टीम श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ दर्शन और संगम स्नान की विशेष व्यवस्था करेगी। त्रिवेणी संगम से पवित्र जल और प्रसाद लेकर बागपत लौटेगा। संस्था 20




हजार लीटर पवित्र जल को टैंकर द्वारा बागपत लाएगी। इस जल का वितरण बागपत के ऐतिहासिक पुरा महादेव परशुरामेश्वर मंदिर से शुरू होगा। सभी मंदिरों में यह जल चढ़ाया जाएगा। इस पहल के लिए 25 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है। जल और प्रसाद के वितरण में 200 से अधिक स्वयंसेवक, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। भैया ने बताया कि पंजीकृत सभी श्रद्धालुओं के घर तक पवित्र जल और प्रसाद पूरी श्रद्धा के साथ पहुंचाया जाएगा।

# विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

## मंडल आयुक्त ने दी जन कल्याणकारी योजनाओं को गति देने की हिदायत

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मंडल के आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने मंडलीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक में कर, राजस्व वसूली और विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। आयुक्त ने जिलाधिकारियों को राजस्व वसूली के लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने तीन से पांच वर्ष पुराने लंबित मामलों के निस्तारण पर जोर दिया। साथ ही निमार्णाधीन योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में प्रगति लाने को कहा।

गौशालाओं के विस्तार और निराश्रित गौवंश के संरक्षण पर विशेष



ध्यान देने के निर्देश दिए गए। वन विभाग को सरकारी भूमि और हाईवे किनारे वृक्षारोपण का कार्य सौंपा गया। जल जीवन मिशन के तहत जहां भूमि उपलब्ध है, वहां तत्काल कार्य शुरू करने को कहा गया।

युवा उद्यमी योजना को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

मेरठ में अटल आवासीय विद्यालय के लिए भूमि चिन्हित करने को कहा गया। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता का फीडबैक लेने और मौके पर जाकर सत्यापन करने पर बल दिया गया। इसके अलावा फैमिली आईडी, विधवा पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, मध्यान्ह भोजन, किसान सम्मान निधि समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

# टेंट हाउस में लगी आग

**टैंट और सजावटी सामान रखा था, 6 दमकल की गाड़ियां पहुंची, डेढ़ घंटे में पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, पर्थला खंजरपुर में एक टेंट हाउस में आग लग गई। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सीएफओ ने बताया कि पहले हमे सूचना मिली थी कि आग में कोई फंसा है। ऐसे में तत्काल दमकल की छह गाड़ियों को रवाना किया। यहां आकर पता चला कि आग काफी बड़ी है लेकिन कोई फंसा नहीं है। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि पर्थला खंजरपुर में ड्रीम टैंट के नाम से एक हॉल है। यहां शादी समारोह में सजावट और टैंट का सामान रखा था। इसी में शॉट सर्किट की वजह से आग लगी। आग तेजी से फैली। आसपास के लोगों ने दमकल विभाग और स्थानीय थाने को सूचना दी गई। मौके पर छह दमकल की गाड़ियों को भेजा गया।



उन्होंने बताया कि जनसंख्या घनत्व ज्यादा होने के चलते आसपास के एरिया को खाली कराया गया।

इसके अलावा आग आगे न फैले इसके लिए इमारतों पर पानी का छिड़काव किया गया। हवा तेज होने की वजह से आग तेजी से फैली। लेकिन उसके एरिया को कम करते हुए करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई जनहानि या किसी के फंसे होने की जानकारी नहीं है। सर्च अभियान भी चलाया गया था। लेकिन किसी के फंसे होने के कोई साक्ष्य नहीं मिले है। फिलहाल आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

# जेवर एयरपोर्ट रोड पर मिला शव




**शरीर पर चोट के निशान, मजदूर होने की आशंका; पुलिस कर रही पहचान के प्रयास**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, एयरपोर्ट के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। यह शव जेवर कोतवाली क्षेत्र के गांव साबौता के कंपोजिट विद्यालय के निकट एयरपोर्ट रोड पर स्थित था। स्थानीय लोगों ने देर रात पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 42 वर्ष है। उन्होंने बताया कि मृतक मजदूर प्रतीत होता है। पुलिस को मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस मृतक की पहचान के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़

**जवाबी फायरिंग में एक को लगी गोली, दो गिरफ्तार; चोरी का सामान और तमंचा बरामद**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, सेंट्रल नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुआ। पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार किया। बिसरख पुलिस सोफिया नर्सरी के सामने तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक ऑटो में तीन संदिग्ध दिखाई दिए। रुकने का इशारा करने पर वे नहीं रुके और एटीएस गोल चक्कर की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने डबल पुलिया के पास ऑटो छोड़कर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। उसकी पहचान बुलंदशहर के खुर्जानगर के देवीधाम कालोनी निवासी सुरेंद्र के रूप में हुई। कॉम्बिंग में पकड़े गए अन्य दो बदमाशों में कन्नौज के रोहित और मैनपुरी के अजय शामिल



हैं। बदमाशों से एक देसी तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, 10 हजार रुपये और चोरी का सामान बरामद हुआ। घटना में प्रयुक्त ऑटो भी जब्त किया गया। डीसीपी शक्ति अवस्थी के अनुसार, पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वे खाली पड़े घरों की रेकी कर रात में चोरी करते थे। घायल बदमाश सुरेंद्र के खिलाफ बुलंदशहर, मेरठ और गौतमबुद्धनगर में चोरी और लूट के मामले दर्ज हैं। घायल को अस्पताल भेजा गया है। अन्य अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

# राम आएंगे तो अंगना सजाऊँगी.... स्वाति मिश्रा के धुन पर झूमें श्रोता

## चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर के सातवें स्थापना दिवस समारोह का हुआ भव्य आयोजन





भजन गायिका स्वाति मिश्रा व गायक अनुराग पंडित विवेक पांडेय ने मचाया धमाल



अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर जनपद के कुड़वार ब्लॉक के चंद्रकला भंडरा में भाजपा नेत्री व समाजसेविका मनीषा पाण्डेय के आवास पर स्थित चौंसठ योगिनी हनुमान मंदिर के सातवें स्थापना दिवस समारोह का शुक्रवार को भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें "राम आएंगे तो अंगना सजाऊँगी" भक्ति गीत से पूरे विश्व में सुर्खियां बटोरने वाली पीएम मोदी की तारीफे पाने वाली भजन गायिका स्वाति मिश्रा व अवधी गायक अनुराग पंडित के साथ लोक गायक विवेक पांडेय ने उपस्थित क्षेत्र वासियों का मनमोहा।संघ परिवार भाजपा शीर्ष नेतृत्व व जनप्रतिनिधियों ने हनुमान मंदिर में माथा टेंक लिया आशीर्वाद कोरोना काल में जनपद में लोगों की मदत करने वाली

भाजपा नेत्री व भावी विधायक मनीषा पाण्डेय के पैतृक निवास पर आयोजित हनुमान मंदिर के सातवें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने वाले भक्तों में भाजपा के कई बड़े पदाधिकारी व प्रदेश सरकर के मंत्री सांसद शामिल रहे। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह व पूर्व में मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री व वर्तमान में यूपी सरकार में मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य प्रदेश महामंत्री व प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी गौरीगंज पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्रा ने भी दल-बल के साथ हनुमान मंदिर में दर्शन कर पूजन अर्चन किया साथ ही समारोह का भोज-प्रसाद भी ग्रहण किया।बौद्धिक प्रकोष्ठ प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश मिथिलेश नारायण जी, विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश जी, जिला प्रचारक आशीष जी की गरिमामई उपस्थिति रही।सुल्तानपुर-अमेठी के एम.एल. सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा के काशी क्षेत्र के वरिष्ठ नेता रहे प्रो. एमपी सिंह, भाजपा ने अमेठी से राजेश पाण्डेय शुरेष तिवारी, ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी, पूर्वमंत्री जयनारायण तिवारी, सीतासरन त्रिपाठी, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा, डॉ. डी.एस मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख कुड़वार बबलू सिंह, ब्लॉक प्रमुख करौदी कला सर्वेश मिश्रा, अवधेश शर्मा मंडल अध्यक्ष कुड़वार, रामजतन यादव, मंडल अध्यक्ष धम्मौर, विशाल जायसवाल बल्दीराय, पीपरगाँव मंडल अध्यक्ष जगराम वर्मा के साथ सैकड़ों भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक अधिकारीयों व सभ्रांतजनों ने भी की शिरकत

समारोह में सी.आर.पी.एफ कैम्प त्रिसुंडी अमेठी के डिप्टी कमांडडेंट अमित सिंह, दीपक, आसिसटेंट कमांडडेंट अभिषेक शुक्ला, सुलतानपुर न्यायालय के एडीजे राकेश पाण्डेय, पुलिस प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक ब्रजेश मिश्रा, सी. जे. एम सहारनपुर आशुतोष त्रिपाठी, ए. आर.टीओ हापुड़ रमेश चौबे, ए.आर.टीओ हमीरपुर अमिताभ राय, सुल्तानपुर जनपद के पी.टी.ओ अश्विनी उपाध्याय, सीओ सिटी प्रशांत कुमार, उपजिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी, सीओ लम्भुआ अब्दुस सलाम, वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय, डीजीसी एड.राम अचल मिश्रा, डॉ. सुधाकर सिंह, बलदेव सिंह, अधिववक्ता शिवमंगल शुक्ला, पत्रकार नरेंद्र द्विवेदी, अनुराग द्विवेदी, सर्वेश सिंह, निसार अहमद, रवि श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### समाजसेविका मनीषा पांडेय ने जताया आभार

कार्यक्रम के समापन में समाजसेविका मनीषा पांडेय ने आए सभी प्रसिद्ध कलाकारों को आभार व्यक्त किया कहा आसपास जिले से लेकर प्रदेश के सभी प्रतिनिधि विधायक सासंद मंत्री प्रमुख अधिकारियों ने मेरे आमंत्रण पर पहुंचकर हनुमान जी दर्शन कर मेरा मान बढ़ाया यह मेरा सबसे बड़ा सौभाग्य है



समाजसेविका मनीषा पांडेय

## नाव से यमुना नदी होते हुये रवाना हुए एक दर्जन श्रद्धालु

रविवार सुबह प्रयागराज पहुंचेगा जत्था

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पत्योरा एवं फतेहपुर जनपद के असवार मऊ के एक दर्जन लोग परिवार सहित नाव से यमुना नदी से महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुए हैं। यह जत्था रविवार को सुबह प्रयागराज पहुंचेगा। फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव असवार मऊ यमुनापार बसा है। इस निषाद बाहुल्य गांव की तमाम रिश्तेदारियां यमुना किनारे बसी पंचायत पत्योरा डांडा में है। शुक्रवार को असवार मऊ के प्रधान महावीर निषाद गांव निवासी सुखरानी, सत्येंद्र, रामकली, विमला, रामबरन, दास त्यागी, वासुदेव, सुशील, ओमप्रकाश के साथ नाव से पत्योरा आए और पत्योरा डांडा निवासी रामू, रामकरण, रामबिहारी, उमाशंकर, उदल, कमल को साथ लेकर शिवरात्रि महापर्व पर महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। यह जत्था नाव से रविवार को सुबह प्रयागराज पहुंचेगा।

## लूट में फरार आरोपी ने घर में घुस अकेली महिला व उसकी पुत्री के साथ की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

राठ (हमीरपुर)। आज सुबह लूट के आरोप में फरार चल रहे आरोपी ने गांव के ही एक मकान में छत के रास्ते अंदर घुसकर घर में अकेली मौजूद मां बेटी के साथ मारपीट कर जान माल की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की शिकायत राठ कोतवाली में की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुर्रा निवासी महिला ने बताया कि गांव का ही उमेश राजपूत पुत्र अज्ञात लूट के मामले में विगत दो माह से फरार चल रहा है। जो गांव के ही शातिर चोर लल्ला राजपूत का साथी है। बीती शुक्रवार की शाम उनके घर आया और दरवाजे खोलने को कहा। लेकिन घर में उसके व उसकी बेटी की अकेले होने पर उनके द्वारा दरवाजे नहीं खोले गये। जिस पर उक्त आरोपी उनकी छत पर चढ़ गया। लेकिन वहां के दरवाजे लगे होने के कारण नीचे नहीं आ सका। सुबह जब उन लोगों ने जब छत के दरवाजे खोले तो उक्त आरोपी ने उनके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पीड़िता ने राठ कोतवाली में की है।

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 12 जोड़ो ने चुना जीवन साथी

### निर्वाण पीठधीश्वर ने दिया आशीर्वाद

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के गायत्री तपोभूमि में संगम सेवा ट्रस्ट ने सर्वजातीय सामूहिक विवाह में समारोह आयोजित कर बारह जोड़ों का विवाह संपन्न कराया। वर वधू ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवनसाथी चुना। निर्वाण पीठधीश्वर महंत स्वामी दिव्यांबर महाराज ने मौजूद रहकर वर वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

सुमेरपुर कस्बे के तपोभूमि में संगम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय प्रजापति ने शनिवार को सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराया। इस समारोह में सीमा संग धरमू, नंदिनी संग प्रेम सिंह, शिवानी संग सौरभ, ममता संग राहुल, अनुराधा संग विपिन, आराधना संग विनय कुमार, पूनम संग नीरज, पूजा संग रामदेव, सावित्री संग दुर्गेश, कुसुम संग कंधीलाल, जागृति संग यश, सपना संग धर्मेंद्र का विवाह संपन्न कराया गया। सभी ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर जीवन साथी चुना। अमृतसर पंजाब से आए निर्वाण पीठधीश्वर महंत दिव्यांबर महाराज ने समारोह में मौजूद रहकर वर वधू को आशीर्वाद देते हुए उन्हें खुशहाल जीवन का शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अजय प्रजापति, उपाध्यक्ष पवन टेलर, गीता ओमर, रामनारायण कबीर आदि ने मौजूद रहकर वर वधू को घर गृहस्थी की सामग्री उपहार में देकर सम्मानपूर्वक विदा किया। संचालन भाजपा नेता मुनीर खान ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में दोनों पक्षों के परिजन मौजूद रहे।

## एसडीएम से विधवा ने की मकान में कब्जा करने की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कस्बे के मोहल्ला तरौस में एक विधवा के मकान में दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर लेने की शिकायत एसडीएम से करके न्याय की गुहार लगाई है।मौदहा कस्बे के मोहल्ला पश्चिमी तरौस निवासी नसीम बानो पत्नी स्व. कबीर अहमद ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि उसके स्वर्गीय पति ने जिन्नत पत्नी मुश्ताक अहमद से एक मकान करीब डेढ़ दशक पहले खरीदकर बैनामा कराया था। जिसमें जिन्नत सहित उसके सभी बालिग पुत्रों ने अपनी सहमति से हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद उसके पति ने उक्त मकान को बनवाकर कृषि यंत्र रखने सहित अन्य कामों में प्रयोग करना शुरू कर दिया।और नगरपालिका में भी दर्ज करवा लिया था। पीड़िता अपने इकलौते पुत्र के साथ रोजगार के सिलसिले में अलीगढ में रह रही है। इसी का लाभ उठाकर गत वर्ष 13 मई को जिन्नत, रमजानी, सफात, सोनू सहित अन्य लोगों ने उक्त मकान का ताला तोड़कर गेहूं, सरसों, एसी, वाशिंग मशीन सहित अन्य कृषि उपकरण चोरी कर मकान में कब्जा कर लिया है और लगातार पीड़िता के इकलौते पुत्र को जान माल की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने अपने पुत्र की रक्षा सहित आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने और मकान से कब्जा हटवाने की गुहार लगाई है। इस सम्बंध में नायब तहसीलदार ने कोतवाली प्रभारी को उक्त आरोपियों द्वारा ताला तोड़कर मकान कब्जाने और लाखों रुपए का सामान चोरी करने के लिए तत्काल जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कार्यवाही और विपक्षियों से बातचीत की गई लेकिन विपक्षियों द्वारा कोई ठोस सुबूत नहीं दिया जा सका। जिससे यह लगता है कि विपक्षियों द्वारा जबरन मकान में कब्जा किया गया है। रिपोर्ट मंगाई गई है, रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

## 55 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार





जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत उ0नि0 रविन्द्र प्रताप सिंह थाना कमरौली मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र रामेश्वर निवासी करीडीह थाना जागदीशपुर जाफरगंज नाला पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया तलाशी के समय अभियुक्त के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद हुआ इस संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में उपनिरीक्षक शिवमूर्ति यादव थाना कमरौली मय हमराही द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अब्दुल शाहिद पुत्र मुस्ताक नि0 पूरे ठकुराईन बरसण्डा सिंदुरवा रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया।तलाशी के समय अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है

## यातायात नियमों का पालन न करने पर हो रही घटनाएं

मोटरसाइकिलों की टक्कर में सगे भाई गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। अमौली कस्बा मुख्यालय अंतर्गत मंडी समिति के पास देर शाम शुक्रवार मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए कस्बा निवासी अनूप तिवारी एवं बीपेंद्र तिवारी अपनी दुकान बंद करके मोटरसाइकिल से घर के लिए आ रहे थे की तभी मंडी समिति के मोड़ के पास पीछे से तेज रफ्तार मे आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी स्थानीय पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर चिकित्सीय टीम ने प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर चोट होने के कारण दोनों ही सगे भाइयों को कानपुर के लिए रेफर कर दिया चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि दोनों ही लोगों की मोटरसाइकिलों को चौकी में खड़ा कर लिया गया है तहरीर आने के पश्चात नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी वहीं दूसरी घटना कल शनिवार को अमौली के मेला मैदान से भाजी ताला मार्ग पर कस्बा निवासी कमलेश कुमार कुटार का पुत्र रोहित उम्र 19 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से घर के लिए आ रहा था तभी अज्ञात मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई जिसमें रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर चोट होने के कारण कानपुर के लिए रेफर कर दिया जानकारी करने पर कस्बा चौकी प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है

## पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण

अमन लेखनी समाचार

अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी : राकेश प्रताप सिंह



अमेठी ओपन स्टेट आमंत्रण पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का आज फाइनल जनपद मऊ व वाराणसी के बीच डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में संपन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में जनपद वाराणसी ने 3-0 से हराकर विजय रही। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि. विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह तथा ओ पी तिवारी प्राचार्य आरआरपीजी कॉलेज एवं ज्ञानेन्द्र (जमुना मटियारी) अतिथि रहे। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता व उपविजेता खिलाडियों के साथ ही निर्णायकों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान उ0प्र0 फुटबाल संघ के प्रतियोगिता पर्यवेक्षक एम0एस0 वेग' उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, मो0 मोसर्रफ खॉ' कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया व प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में जैशल, आकिब, अमूल, नवनीत, हाजी मनव्वल, रवि शर्मा, आयुब शाह, रजा उल्ला ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया। उक्त प्रतियोगिता में खेल विभाग अमेठी के कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य एवं प्रशिक्षक मो0 नदीम व मो0 आरिफ ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता के आयोजन में अमूल्य योगदान दिया।

मुख्य अतिथि गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा विगत दिनों से चल रही खेल प्रतियोगिता में विजेता उप विजेता खिलाडियो का मैं आभार व्यक्त करता हुं खेल स्वस्थ जीवन के लिए लाभकारी है खेल में हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू आज आप सब स्टेडियम में खेलने का अवसर मिल रहा है 85 90 के दशक मै भी क्रिकेट का खिलाड़ी था जब कहीं क्रिकेट मैच होता था तब साइकिल से जाकर दूर दूर क्रिकेट खेला हुं आज जैसे पहले यह ब्वस्थाऐ नहीं थी

## टेंट खोलते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सिकन्दरपुर, (बलिया), क्षेत्र के पकड़ी थाना के कड़सर गांव में शुक्रवार की दोपहर को वैवाहिक कार्यक्रम में लगे टेंट खोलते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही हड़कंप मच गया।।मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने युवक को अचेतावस्था में सीएचसी सिकन्दरपुर पहुंचाया जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के ईसार पीथापट्टी गांव निवासी पीयूष चौरसिया (18 वर्ष) पुत्र जनार्दन चौरसिया रमापार (कड़सर) में शादी में लगा टेंट को खोल रहा था। उसी दरम्यान टेंट का पाइप ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तार के संपर्क में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।

## नेशनल हाइवे किनारे खडे डंफर में लगी आग से मची अफरा-तफरी

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के नरायच गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 किनारे खड़े डंपर में अचानक आग लगने से अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने घटनास्थल पर पहुंचकर पानी की बौछारें डाल आग पर काबू पाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे किनारे बसे नरायच गांव के पास पीएनसी कंपनी के कर्मचारी सड़क मरम्मत का कार्य कर रहे थे। तभी अचानक सड़क किनारे खड़े उनके डंफर में आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपते उठने लगी। इस घटना में डंफर चालक रंजीत सिंह बाल बाल बच गया। डंफर के अचानक धू धूकर जलते देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ट्रक ड्राइवर रंजीत सिंह ने बताया कि अचानक डंपर में आग लगने से उसने नीचे उतरकर अपनी जान बचाई। यहां पीएनसी कंपनी द्वारा मरम्मत का काम चल रहा था।

मौदहा कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शनिवार को समय करीब 10 बजे सूचना प्राप्त हुई थी कि पीएनसी कंपनी का डंपर जो नरायच पुल पर रोड बनाने का कार्य चलने से सामान लेकर आया था। उसमे शार्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर तत्काल पुलिस व फायर सर्विस द्वारा मौके पर पहुंचकर आग को बुझा दिया गया है। वाहन का चालक रंजीत सिंह पुत्र सूर्यपाल सिंह निवासी महाई थाना बीघापुर जनपद उन्नाव पूर्ण रूप से सुरक्षित है। जले वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कर दिया गया है।

## अनैतिक मार्ग पर चलने से असमय होता है पतन-दुर्गा प्रसाद

### हिरण्याक्ष वध की कथा सुना दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे के पैलानी मार्ग में बोड़ा धर्मशाला के सामने चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने हिरण्याक्ष वध का वृतांत सुनाते हुए कहा कि अनैतिक मार्ग में चलने से मनुष्य का असमय पतन होता है यह तय है इसलिए कभी भी अनैतिक मार्ग पर नहीं बल्कि ईश्वर के द्वारा बनाए गए नियमों पर ही चलना चाहिए। पैलानी मार्ग की निवासी कमला गुप्ता ने श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया है। कथा के दूसरे दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने हिरण्याक्ष वध का सुंदर वृतांत सुनाते हुए कहा कि मनुष्य को ईश्वर द्वारा प्रदत्त नियमों का अनादर नहीं करना चाहिए। इस मौके पर कमला गुप्ता, पूर्व सभासद उमाकांत गुप्ता, श्री कृष्ण गुप्ता, रेनू गुप्ता, पूर्व सभासद महेश भदौरिया, विष्णु गुप्ता, रमाकांत गुप्ता आदि सैकड़ो लोगों ने मौजूद रहकर कथा का श्रवण किया।

## टायर की दुकान से टायर चोरी करने वाला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। विगत दिनों टायर की दुकान का दरवाजा तोड़कर टायर चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने ट्रक के दो अदद टायर के साथ गिरफ्तार किया है। गत 20 फरवरी को सुमेरपुर कस्बे के पेट्रोल पंप के बगल में टायर की दुकान का पीछे का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोर ने टायर चोरी कर लिए थे। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि एसआई सुरेंद्र कुमार यादव ने सिसोलर निवासी राज तिवारी को दो अदद ट्रक के टायरों के साथ गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय भेजा है।

## घटिया निर्माण का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने रुकवाया सीसी निर्माण, तोड़ी एजिंग

ग्राम प्रधान ने पंचायत सहायक एवं सदस्य की पुलिस से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ग्राम पंचायत पारा रैपुरा में राज्य वित्त से बन रहे सीसी मार्ग को ग्रामीणों ने घटिया बताकर निर्माण ठप करा दिया। प्रधान ने पंचायत सहायक के साथ एक ग्राम पंचायत सदस्य पर आरोप लगाकर कार्य रोके जाने की शिकायत पुलिस से की है।

ग्राम पंचायत पारा रैपुरा में सुलभ शौचालय से काली माता मंदिर तक राज्य वित्त से सीसी मार्ग बनवाया जा रहा है। इसके निर्माण के लिए दोनों साइड एजिंग भी बना दी गई है। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कराने का आरोप लगाकर एजिंग को क्षतिग्रस्त करके कार्य ठप करा दिया है। ग्राम प्रधान शिवदयाल प्रजापति ने पंचायत में तैनात पंचायत सहायक प्रदीप कुमार एवं ग्राम पंचायत सदस्य जगमोहन के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्य में अडंगा डालने का आरोप लगाया है। पंचायत सहायक एवं ग्राम पंचायत सदस्य ने प्रधान के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि प्रधान मनमाने ढंग से कार्य करा रहा है। सामग्री मानक के अनुसार नहीं लगाई जा रही है। हमने सिर्फ मानक के अनुसार कार्य कराने की बात कही है। एजिंग तोड़ने का आरोप बेबुनियाद है। पुलिस ने प्रधान को जांच करके कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## सड़क से लेकर सदन तक सपा लड़ रही पीडीए की लड़ाई

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर मौदहा ब्लाक के लेवा, पासुन व पड़ोहरी में पीडीए पंचायत का आयोजन जनपद के पीडीए प्रभारी जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में किया गया।

पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि सपा के नेता पीडीए के वास्ते सड़क से लेकर सदन तक राजनैतिक लडाई लड़ रहे हैं। किसानों, मजदूरों, शिक्षा, दवाई, पेंशन, जातिगत गणना, महिलाओं व छात्रों पर हो रहे अत्याचार, बेरोजगारी पेपर लीक, महंगाई, खाद, बिजली पानी से त्रस्त किसानों के मुद्दों पर पार्टी आवाज उठा रही है। ओम प्रकाश सोनकर वारसी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा अमानवीय भाषा का प्रयोग कर बाबा साहब अम्बेडकर के बारे में बोलने से पीडीए परिवार बहुत दुखी है। सासंद प्रतिनिधि शादाब खान उर्फ बिट्टू ने कहा कि हम आपके हक व अधिकार की लड़ाई स्थानीय स्तर से लड़ते हैं और लड़ते रहेंगे। आप केवल हमारा सहयोग करें। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक मनीष यादव, वरुण यादव, संयोजक बबलू पाल, घनश्याम साहू, यासीन खान, बाबू खान, चंद्रिका यादव, सुनील कुमार, हलीम भाई, अंशू सोनकर आदि मौजूद रहे।


अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# आयुष्मान के साथ पर्दे पर जमेगी जोड़ी

**मुंबई।** शरवरी वाघ के हाथ एक बड़ी फिल्म लग गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार सूरज बड़जात्या की फिल्म में वह आयुष्मान खुराना के साथ नजर आएंगी। बॉलीवुड के दिग्गज निर्देशक सूरज बड़जात्या को पारिवारिक और रोमांटिक कहानियों को बड़े पर्दे पर पेश करने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उनकी अगली फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक शरवरी वाघ को आयुष्मान खुराना के साथ सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म के लिए कास्ट किया गया है। निर्, हम साथ-साथ हैं, मैंने प्यार किया और हम आपके हैं कौन जैसी पारिवारिक फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार शरवरी ने इस भूमिका के लिए सूरज बड़जात्या की तरफ से तय किए गए सभी मानदंडों को पूरा किया है। खासकर फिल्म में मासूमियत और संवेदनशीलता को शानदार तरीके से व्यक्त करने की उनकी क्षमता ने उन्हें इस भूमिका के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाया। एक इंडस्ट्री सूत्र ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, पिछले साल से ही शरवरी को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में काफी उत्साह है। अब उन्हें सूरज बड़जात्या की फिल्म में नायिका के तौर पर चुना जाना शरवरी की प्रतिभा की सबसे बड़ी स्वीकृति है। यह साबित करता है कि वह भारत के सबसे बेहतरीन नए कलाकारों में से एक हैं।

# राजकुमार राव निभाएंगे सौरव गांगुली का किरदार

पिछले दो साल से चल रही चर्चा के बाद आखिरकार क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक में सौरव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता का नाम तय हो गया है। हिंदी में बनने वाली इस बायोपिक में सौरव गांगुली की भूमिका निभाएंगे राजकुमार राव।



**तपन बक्सी ▶▶| मुंबई**

21 फरवरी को सौरव गांगुली की 28वीं शादी की सालगिरह के दिन यह खबर सामने आई। हालांकि, शादी की सालगिरह से एक दिन पहले का दिन सौरव गांगुली के लिए अच्छा नहीं था। वे एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोलकाता से बर्धमान जा रहे थे, तभी उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गई।

हालांकि, सौभाग्य से सौरव और उनके साथी सुरक्षित बच गए। 21 फरवरी को बर्धमान में खड़े होकर ही सौरव गांगुली ने अपनी बायोपिक में अभिनेता के नाम की घोषणा की। बर्धमान में खड़े होकर सौरव गांगुली ने कहा, 'मेरी बायोपिक में राजकुमार राव अभिनय करेंगे, यह खबर मुझे मिली है। लेकिन राजकुमार राव की तारीख को लेकर कुछ समस्या है। यह समस्या हल होते ही इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी और इसे रिलीज़ होने में एक साल लगेगा।'

दो साल पहले सौरव गांगुली की हिंदी बायोपिक में सौरव की भूमिका के लिए रणबीर कपूर का नाम सामने आया था। लेकिन कुछ दिनों बाद साफ हो गया कि रणबीर कपूर इस भूमिका में नहीं होंगे। इसके बाद बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का नाम सामने आया। बताया जाता है कि मुंबई में सौरव गांगुली की बायोपिक के लिए आयुष्मान खुराना का स्क्रीन टेस्ट भी हुआ था। लेकिन, फिल्म के प्रोड्यूसर लव रंजन ने अंततः आयुष्मान खुराना को इस भूमिका के लिए नहीं चुना। हालांकि, यह साफ नहीं हुआ कि आयुष्मान खुराना को इस भूमिका से क्यों बाहर किया गया। इससे पहले, मई 2024 में रिलीज़ हुई हिंदी फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव ने आंध्र प्रदेश के नेत्रहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक में उनकी भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का निर्देशन तुषार हिरनंदानी ने किया था। 35 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 62 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। फिल्म में दिखाया गया था कि कैसे एक नेत्रहीन किसान परिवार में जन्मे श्रीकांत बोला ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद, 2024 में आई हिट फिल्म 'स्त्री 2' में अभिनय करने के बाद राजकुमार राव ने निर्देशक शरण शर्मा की फिल्म "मिस्टर एंड मिसेज माही' में जाह्नवी कपूर के साथ एक क्रिकेटर की भूमिका निभाई। 2025 के अप्रैल में राजकुमार राव की एक और हिंदी फिल्म 'भूल चुक माफ' रिलीज़ होने जा रही है, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री वामिका गब्बी नजर आएंगी।

## तृप्ति डिमरी का नाम भी चर्चा में

सौरव गांगुली की बायोपिक को बॉलीवुड के निर्माता लव रंजन प्रोड्यूस कर रहे हैं और इसका निर्देशन विक्रमादित्य मोटवानी (लूटेरा फेम) करेंगे। खबरों के मुताबिक, सौरव गांगुली की पत्नी डोना गांगुली की भूमिका के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का नाम सामने आ रहा है। बताया जाता है कि सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली के अनुरोध पर इस भूमिका के लिए तृप्ति डिमरी का नाम चर्चा में आया है। हालांकि, अभी तक डोना गांगुली की भूमिका में तृप्ति डिमरी के चयन को लेकर निर्माता लव रंजन ने आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

## हॉलीवुड मसाला



# इन पुरस्कारों के लिए मिल चुका है नामांकन

**लॉस एंजिल्स।** एलियट पेज के अब तक के कॅरियर में एक अकादमी पुरस्कार, तीन ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार, एक गोल्डन ग्लोब पुरस्कार, दो प्राइमटाइम एमी पुरस्कार और एक स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड पुरस्कार के लिए नामांकन मिल चुका है। एलियट का जन्म 21 फरवरी 1987 को कनाडा में हुआ। पेज का जन्म एक महिला के रूप में हुआ था, लेकिन बाद में उन्होंने अपना जेंडर बदल लिया। इससे पहले एलियट का नाम एलन था। एलियट की जिंदगी शुरू से ही काफी संघर्षपूर्ण रही है। उन्हें अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, जिसमें उनके साथ बिना मर्जी के संबंध बनाने की कोशिश शामिल हैं।



# जुआ खेलते पकड़ा गया सिंगर तो चप्पल मारकर गिराया ड्रोन

**नई दिल्ली।** सिंगर ड्रेक का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इस वीडियो में उनके अपार्टमेंट के अंदर एक ड्रोन देखा गया जिसे देखकर वे चौंक गए और उन्होंने उस पर चप्पल से निशाना साधने की कोशिश की। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कई यूजर्स ने इस क्लिप पर रिएक्शन दिए हैं और शेयर किया है कि यह पूरी तरह से नाटक जैसा लग रहा है। क्लिप में ड्रोन कैमरे ने सिंगर के लैपटॉप को को दिखाया, जिसमें एक जुआ खेलने वाली साइट खुली हुई थी। जैसे ही ड्रेक कमरे ने एंट्री ली वह ड्रोन को देखकर चौंक गया और अपनी चप्पल से उस पर निशाना साधा। ड्रोन उस हमले से बच गया और अपार्टमेंट से बाहर निकल आया। एक्स पर वीडियो पर रिएक्शन देते हुए एक शख्स ने कमेंट किया, यह इतना नाटक जैसा है कि यह गलत है कि उसने सोचा कि हम इस पर यकीन करेंगे। एक ने ड्रोन ऑपरेटर की परछाई देखी और लिखा- सब प्लान्ड है, ड्रोन पायलट कोने में बैठा है।



# 25 फरवरी को लेंगी सात फेरे...

**मुंबई।** अभिनेत्री प्राजक्ता कोली ने कई सालों तक वृषांक कनाल को डेट करने के बाद अब शादी करने का फैसला लिया है। इस फैसले से प्राजक्ता फैंस बेहद खुश हो गए हैं। सगाई करने के दो साल बाद यह जोड़ी अब शादी करने जा रही है। प्राजक्ता कोली ने बताया कि वे 25 फरवरी को अपने मंगेतर वृषांक खनल से शादी करेंगी। एक यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर से बॉलीवुड अभिनेत्री बनी प्राजक्ता ने कहा कि वृषांक मेरे लिए ये रिंग लाए, कहां से लाए नहीं पता, लेकिन ये वाकई बहुत सुंदर हैउन्होंने बताया कि वृषांक नेपाल से हैं। काठमांडु शहर उन्हें बेहद पसंद है। वह एक वकील हैं, जो कि इन्वेस्टमेंट बैंक में काम करते हैं। वे और वृषांक 13 साल से एक साथ हैं। जब प्राजक्ता 18 साल की थीं और वृषांक 22 साल के थे, तब उन दोनों की मुलाकात हुई थी।



# ऑनलाइन जज किए जाने पर भड़कीं प्रीति

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट पर सवाल उठाने वाले ट्रोल्स को खरी खोटी सुनाई है। उन्होंने एक्स पर की गई एक नई पोस्ट में, बढ़ती निराशावादिता और सोशल मीडिया टॉक्सिटी के बारे में बताया है। उन्होंने ये भी बताया है कि किस तरह से लोग किसी सेलिब्रिटी की पोस्ट पर जल्दी से फैसला ले लेते हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके पहले एआई चौटबॉट इंटरैक्शन को 'पेड प्रमोशन' नौटंकी माना गया। अपनी पोस्ट में लिखा 'आइए इसे हकीकत बनाएं और लोगों को वैसे ही लें जैसे वे हैं, न कि जैसा हम सोचते हैं कि उन्हें होना चाहिए! हमें लगता है कि हमें बस बातचीत करनी चाहिए और एक -दूसरे से बात करके खुश होना चाहिए। अब मुझसे ये मत पूछना कि मैंने जीन से शादी क्यों की? मैंने उनसे शादी की, क्योंकि मैं उनसे प्यार करती हूं।

## टीवी मसाला



# आयशा जुल्का की डिश पर जजेज ने किया रूड कमेंट

**नई दिल्ली।** सेलेब्स कुकिंग कंपटीशन रियलिटी शो सेलिब्रिटी मास्टरशेफ और भी रोमांचक होता जा रहा है। किचन में मौजूद सभी सेलेब्स कंटेस्टेंट्स के बीच स्वादिष्ट खाना बनाने के लिए कड़ी टक्कर देखी जा रही है। ऐसे में इन सभी सेलेब्स कंटेस्टेंट्स के बीच नोक-झोंक भी हो रही है। वहीं, शो के जज अपने चैलेंज से कंटेस्टेंट्स को बड़ी चुनौती दे रहे हैं। ऐसे में कंटेस्टेंट्स के पास जज को लुभाने के लिए स्वादिष्ट खाना बनाने के अलावा कोई चारा नहीं है। इस बार जजों का चैलेंज थोड़ा टफ है। जज ने कंटेस्टेंट्स को एक बार फिर दो टीमों में बांट दिया और उन्हें अपनी डिशेज को थिएटर में बेचने को कहा है। एक्ट्रेस कंटेस्टेंट आयशा जुल्का की डिश देख जज विकास खन्ना का मूड खराब हो जाता है। विकास खन्ना ने आयशा जुल्का की डिश को लेकर कहा है कि इसे तो कोई फ्री में भी नहीं खाएगा। शो का नया प्रोमो जारी किया गया है। इसमें विकास खन्ना को कंटेस्टेंट्स को नया चैलेंज देते देखा जा रहा है। विकास खन्ना कह रहे हैं कि दो ग्रुप में बटी टीमों को मास्टरशेफ स्टाइल में खाना बनाना है। इन डिश को खाने के लिए दर्शक मास्टरशेफ करंसी का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, प्रोमो में कंटेस्टेंट ऊषा नंदकर्णी कहती हैं, 'इनका चैलेंज, हमारी टेंशन'. विकास खन्ना के चैलेंज को स्वीकार कर सभी खाना बनाना शुरू कर देते हैं। तभी घर की दो कंटेस्टेंट में नोक-झोक हो जाती है।

## प्रोड्यूसर ने एक्ट्रेस के सामने रखी घटिया शर्त

**नई दिल्ली।** मायानगरी मुंबई में अपने एक्टिंग के सपने को साकार करने लिए कई युवा इस चमचमाती हुई दुनिया का हिस्सा बनने के लिए यहां पहुंचते हैं। कुछ जान पहचान से आसानी से पहुंच जाते हैं, तो किसी को एक छोटा सा रोल पाने के लिए चप्पलें घिसनी पड़ती हैं। ये जानते हुए भी एक्टिंग में कॅरियर बनाना कोई आसान काम नहीं हैं। फिर अपनी किस्मत आजमाने आते हैं। 30 साल की एक हसीना ने भी एक्टिंग कॅरियर किस्मत अजमाने की कोशिश की, लेकिन प्रोड्यूसर की डिमांड सुन तो होश फाख्ता हो गए। ये और कोई नहीं, बल्कि टीवी एक्ट्रेस आयशा कपूर हैं। एक प्रोड्यूसर ने एक रोल के लिए उनके सामने अजीब डिमांड रख डाली थी और वो डिमांड पूरी नहीं कर सकीं, तो उसको शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि एक्टिंग की दुनिया में एंट्री करना किसी के लिए भी आसान नहीं है। पहला ब्रेक पाने के लिए भी कई पापड़ बेलने पड़े थे।



# 'अमिताभ-धर्मेंद्र के सामने मैं कुछ भी नहीं, फिर भी बनाई इनके बीच जगह'

**नई दिल्ली।** गोलमाल से लेकर छोटी सी बात जैसी तमाम कल्ट फिल्में देने वाले अमोल पालेकर आज भी एक्टिंग की दुनिया में अपना जलवा दिखा रहे हैं। दोनों ने यहां 'आर्ट एक्टिविजम एंड एक्टिंग' सेशन में कई सारी इंट्रेस्टिंग बातें कीं। अमोल पालेकर पिछले 50 सालों में ऐसी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं जो आम इंसानों की कहानी बताती रही हैं।

## एक्टर के तौर पर बढ़ जाती है समाज के प्रति जिम्मेदारी



अमोल पालेकर ने बताया कि उनके और श्याम बेनेगल की शुरुआत एक साथ हुई थी। इस दौरान उन्होंने ये भी बोला कि एक्टर्स और फिल्म मेकर्स की ये जिम्मेदारी बनती है को वो समाज के प्रति उत्तरदायी रहें। उन्होंने श्याम बेनेगल की तारीफ करते हुए कहा कि वो ऐसी ही फिल्में करते थे। और, ऐसा हम सभी को करना चाहिए। क्योंकि, ऐज ऐन एक्टर हमारी रिस्पॉन्सिबिलिटी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने ये भी कहा कि एक समय ऐसा भी आया था कि जब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लोग ऐसा कहने लगे थे कि हमारा काम एंटरटेनमेंट देना है, न कि ये सब करना।

## डेढ़ पन्ने की कहानी में बना डाली 2 घंटे की फिल्म रजनीगंधा

*अमोल पालेकर ने बताया कि उनकी फिल्म रजनीगंधा के डायरेक्टर ने उन्हें सिर्फ डेढ़ पन्ने की स्क्रिप्ट देकर 2 घंटे की फिल्म बनाने का ऑफर किया। अमोल कहते हैं कि ये सवाल मैंने जब डायरेक्टर बासु दा से पूछा कि कैसे करेंगे, तो उन्होंने कहा कि आप क्या तैयार हो। तो मैंने कहा हां और बस बन गई फिल्म। उन्होंने बताया कि ये फिल्म अलग थी, इसमें हीरो उस जमाने के हीरोज की तरह नहीं था।*

## मीडिया ने दिया था मुझे बॉय नेक्स्ट डोर वाला लेबल

चितचोर, छोटी सी बात, और रजनीगंधा जैसी फिल्में लोगों को बहुत पसंद आ रही थीं। मीडिया ने तब मुझे बॉय नेक्स्ट डोर वाला लेबल दे दिया। मतलब ऐसा इंसान जो हमारे आसपास का फील हो। ये वो जमाना था जब अमिताभ बच्चन बहुत पॉपुलर हो गए थे, राजेश खन्ना का दौर खत्म नहीं हुआ था। धर्मेंद्र और जितेंद्र जैसे बडे नाम भी थे। इनकी तुलना में मैं कुछ भी नहीं था, इसलिए लोगों को मैं पसंद आया। क्योंकि, लोगों को मैं उनके बीच का लगता था। इसी वजह से मेरी 3 फिल्में सिल्वर जुबली हुईं।

# 17 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी 'इमरजेंसी'

**नई दिल्ली।** कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दर्शक इस फिल्म के ओटीटी पर रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर जो पोस्ट साझा की है, उसमें कंगना और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी नजर आ रही हैं। पोस्ट में कंगना रनौत ने लिखा है '17 मार्च को नेटफिलिक्स पर रिलीज हो रही है।' फैंस 'इमरजेंसी' को 17 मार्च को नेटफिलिक्स पर देख सकते हैं। फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने भारत में 21.65 करोड़ की कमाई की है। फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार अदा किया है। फिल्म की कहानी ऐतिहासिक आपातकालीन दौर के आस-पास घूमती है। भारत में 1975 से 1977 तक आपातकाल लगाया गया था। कंगना रनौत ने इस फिल्म में अदाकारी करने के साथ इस फिल्म का निर्देशन भी किया है। फिल्म में



अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और मिलिंद सोमन हैं। 'इमरजेंसी' फिल्म काफी पहले रिलीज होने वाली थी, लेकिन सिख बिरादरी के विरोध की वजह से इसे वक्त पर रिलीज नहीं किया जा सका। सिख बिरादरी का इल्जाम था कि फिल्म में सिखों की छवि को गलत तरीके से पेश किया गया है।

कॅरियर की शुरुआत बतौर बाल कलाकार फिल्म 'नल दमयंती'से की थीं

# नूतन का बोल्ड अंदाज देख चौंक गए थे दर्शक

नई दिल्ली। निर्देशक कुमारसेन समर्थ और अभिनेत्री शोभना समर्थ की बेटी थीं अदाकारा नूतन। अपने एक्टिंग कॅरियर में नूतन ने एक से बढ़कर एक उम्दा किरदार निभाए। वह किरदारों में ढल जाने वाली एक बेहतरीन अदाकारा थीं। शुक्रवार को अभिनेत्री नूतन की पुण्यतिथि (21 फरवरी 1991) थी। नूतन ने अपने कॅरियर की शुरुआत बतौर बाल कलाकार फिल्म 'नल दमयंती'से की थी। आगे चलकर नूतन ने फिल्मों में मुख्य नायिका के रोल किए। नूतन इतनी शिद्दत से अपने किरदार निभाती थीं दर्शक बस उन्हें देखते ही रह जाते थे, उनकी तारीफ करते नहीं थकते थे।

## दिल्ली का ठग

फिल्म 'दिल्ली का ठग (1958)' में नूतन ने किशोर कुमार के साथ अभिनय किया था। इस फिल्म में वह एक तैराक आशा के रोल में नजर आईं। फिल्म में जब नूतन की एंट्री होती है तो वह एक स्विमिंग कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेती हुई नजर आती हैं। ऐसे में इस सीन में नूतन की एंट्री स्विम सूट में होती है। इस सीन ने 50 के दशक में दर्शकों के बीच तहलका ही मचा दिया था। नूतन का बोल्ड अंदाज देखकर दर्शक हैरान रह गए थे।



## सुजाता

फिल्म 'सुजाता (1959)' छुआछात की समस्या के ईद-गिर्द बुनी गई एक प्रेम कहानी है। इस फिल्म में एक अछूत महिला सुजाता के रोल में नूतन नजर आई थीं। फिल्म में सुजाता की पीड़ा को उन्होंने बहुत ही उम्दा तरीके से पर्दे पर उकेरा था। इस फिल्म के लिए नूतन को बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला था।

## बंदिनी

साल 1963 में फिल्म 'बंदिनी'में नूतन ने कल्याणी नाम की महिला का किरदार निभाया था। यह एक दर्द भरी प्रेम कहानी वाली फिल्म थी। फिल्म में कल्याणी एक खून के इल्जाम में जेल में है। वहां एक जेल के डॉक्टर (धर्मेंद्र) को उससे प्रेम हो जाता है। लेकिन, कल्याणी डॉक्टर के प्रेम को नहीं स्वीकारती है। दरअसल, अतीत में वह किसी और व्यक्ति से प्रेम करती थी। इस फिल्म में नूतन पर कई गीत फिल्माए गए जो आज भी बहुत चर्चित है। इन्हीं में एक गीत 'ओ मेरे मांझी' भी शामिल है।

## पेइंग गेस्ट

1957 में रिलीज हुई देव आनंद की फिल्म 'पेइंग गेस्ट' में नूतन ने शांति का किरदार निभाया। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म थी। जहां नूतन गंभीर किरदारों को बखूबी निभा लेती थीं, वहीं 'पेइंग गेस्ट' में उन्होंने रोमांस के साथ कॉमेडी भी की। इस फिल्म में शांति के रोल में दर्शकों ने उन्हें काफी पसंद किया।

## ये फिल्में भी रहीं खूब चर्चित

सुनील दत्त के साथ 1965 में 'खानदान'और 1967 में फिल्म 'मिलन' में नूतन नजर आईं, दोनों ही फिल्मों में उन्होंने राधा नाम की लड़की का रोल किया। दोनों ही फिल्म अलग-अलग जॉनर की थीं। लेकिन, सुनील दत्त और नूतन की जोड़ी को पर्दे पर काफी पसंद किया गया। वहीं, मैं तुलसी तेरे आंगन की (1978) और सौदागर (1973) में भी नूतन ने यादगार किरदार निभाए।